yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

खुशियाँ छोटी चीजों में छुपी होती हैं। धन ज्यादा होने से खुशियाँ नहीं बढ़तीं।




रोजाना नया कॉलम
देखे पेज 7 पर

● वर्ष-12 अंक-269 ● नरसिंहपुर ● रविवार, 22 मार्च, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2083

## भारत का कट्टर दुश्मन बिलाल आरिफ सलफी धुरंधर स्टाइल में मारा गया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मुरिदके में लश्कर ए तैयबा के हाई सिक्योरिटी मुख्यालय 'मरकज तैयबा' में ईद की नमाज के तुरंत बाद संगठन के वरिष्ठ कमांडर बिलाल आरिफ सलाफी को मौत के घाट उतार दिया गया. जिस तरह धुरंधर फिल्म में हमजा के किरदार में दिखे रणवीर सिंह 'रहमान डकैत' का अंत उसी के सबसे सुरक्षित इलाके 'ल्यारी' में घुसकर करते हैं, उसी तरह बिलाल को लश्कर के सबसे अभेद्य किले 'मुरीदके ॥र्त्त' के अंदर घुसकर मारा गया. बिलाल को पहले गोली मारी गई और फिर चाकू से गोदकर उसकी हत्या की गई. बिलाल की हत्या के बाद पाकिस्तान में छिपे हाफिज सईद जैसे आतंकी आकाओं में हड़कंप है.बिलाल आरिफ सलाफी लश्कर-ए-तैयबा का एक महत्वपूर्ण कमांडर था. वह संगठन में युवाओं की भर्ती, कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी संभालता था. खासकर 'कश्मीर जिहाद' के लिए युवाओं को रैडिकल बनाना और उन्हें संगठन से जोड़ना उसकी मुख्य भूमिका थी. मुरिदके के मरकज तैयबा में उसकी मौजूदगी संगठन की मजबूती का प्रतीक मानी जाती थी. वह संगठन की रीढ़ की हड्डी जैसा था, जिसकी वजह से उसकी हत्या को महज एक सामान्य घटना नहीं माना जा रहा.



## एअर इंडिया का नया केबिन क्रू फिटनेस नियम

**नई दिल्ली, ईएमएस।** एअर इंडिया ने केबिन क्रू के लिए नया फिटनेस नियम लागू करने का फैसला किया है, जो 1 मई 2026 से लागू हो जाएगा। इसके तहत ब्रस्ठ्ठ के आधार पर फ्लाइट ड्यूटी तय होगी। 1824.9 ब्रस्ठ्ठ को सामान्य मानकर क्रू को फ्लाइट ड्यूटी मिलेगी, जबकि 18 से कम ब्रस्ठ्ठ वालों के लिए मेडिकल और फिटनेस टेस्ट पास करना अनिवार्य होगा।.

## अफगानिस्तान में 4.6 की तीव्रता का भूकंप आया

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में भूकंप के जोरदार झटके लगे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि शनिवार देर रात अफगानिस्तान में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र 82 किमी की गहराई में मिला है।

## रील और सेल्फी के चक्कर में 150 फीट गहरी खाई में गिरा टूरिस्ट, इंडियन आर्मी ने बचाई जान

**नीलगिरी, ईएमएस।** सोशल मीडिया के दौर में रील और सेल्फी का क्रेज कई बार जानलेवा साबित हो जाता है. ऐसा ही एक मामला तमिलनाडु के नीलगिरी जिले से सामने आया है, जहां एक टूरिस्ट सेल्फी और रील बनाने के दौरान 150 फीट गहरी खाई में गिर गया. राहत की बात ये रही कि इंडियन आर्मी की तत्परता और बहादुरी से उसकी जान बचा ली गई. जानकारी के मुताबिक, ये घटना गुडालूर के पास स्थित ऊसिमलाई व्यूप्वाइंट की है. यहां चेंगलपेट जिले का रहने वाला शिवगुरुनाथन घूमने आया था. ये जगह गुडालूर-ऊटी नेशनल हाईवे पर मौजूद एक फेमस टूरिस्ट प्वॉइंट है, जो वन विभाग के अंतर्गत आता है. यहां पर्यटकों के आने और जाने के लिए टाइम लिमिट तय है और हर आने वाले का रजिस्टर में रिकॉर्ड रखा जाता है.बताया जा रहा है कि निर्धारित समय के बाद जब टूरिस्ट बाहर नहीं निकला, तो वन अधिकारियों को संदेह हुआ. रजिस्टर की जांच करने पर पता चला कि शिवगुरुनाथन अब तक बाहर नहीं आया है. इसके बाद तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया.

## पंजाब अफसर सुसाइड केस: पूर्व मंत्री, पिता-पीए पर एफआईआर

**अमृतसर/चंडीगढ़, ईएमएस।** पंजाब में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड के आरोप में अमृतसर में आम आदमी पार्टी सरकार ने पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर, उनके पिता सुखदेव भुल्लर और निजी सचिव दिलबाग सिंह के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। तीनों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 यानी आत्महत्या के लिए उकसाने, 351(3)- जानलेवा धमकी और 3(5) - जुर्म में साथ देने की धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस ने रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर की शिकायत पर आधी रात को यह केस दर्ज किया।

## मिडिल ईस्ट में जंग खतरनाक मोड़ पर

# ट्रम्प का ईरान को अल्टीमेटम- होर्मुज खोलें नहीं तो पावर प्लांट तबाह करेंगे

### ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के वाटर प्लांट उड़ा देंगे



***तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रविवार को लिखा, 'अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोलता है, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा और उन्हें तबाह कर देगा और शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचे पर हमला करेगा। ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाघारी ने कहा कि ईरान अमेरिका और इजराइल से जुड़े समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले प्लांट (डिसेलिनेशन प्लांट) और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी हमला करेगा।*



### कतर का हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी आने के बाद क्रैश हुआ

कतर का हेलिकॉप्टर नियमित ड्यूटी के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद क्षेत्रीय समुद्री इलाके में क्रैश हो गया। कतर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हेलिकॉप्टर में सवार चालक दल और यात्रियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। फिलहाल हादसे में कितने लोग थे और उनकी स्थिति क्या है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### ईरान में 20 दिन के नवजात की मौत, अंतिम संस्कार हुआ

ईरान में 20 दिन के एक बच्चे मोहम्मद अली कयालहा की मौत पर शोक मनाया गया। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, कजविन शहर में इस बच्चे के लिए अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया गया।तेहरान टाइम्स के मुताबिक, यह बच्चा तेहरान के मजीदियेह रिहायशी इलाके में हुए हमले में अपनी मां और भाई के साथ मारा गया। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक ईरान में 204 बच्चों की मौत हो चुकी है।

### दावा-ईरान ने हीट ट्रैकिंग मिसाइल से अमेरिकी F-35 को गिराया

ईरान ने 19 मार्च को दुनिया के सबसे एडवांस अमेरिकी फाइटर जेट स्न-35 को गिराने का दावा किया। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अपने स्वदेशी 'मजीद' एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए इसे मार गिराया।अगर यह सच है तो ईरान पहला ऐसा देश होगा जो ऐसा कर पाया है। स्न-35 फाइटर जेट को करीब दो दशकों से अमेरिकी सैन्य ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता रहा है। यह सबसे प्रीमियम फाइटर जेट है, जिसे खास तौर पर इस तरह बनाया गया है कि वह दुनिया के सबसे मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम में भी बिना पकड़े घुसकर हमला कर सके।ईरान का दावा है कि उसने इस 'अदृश्य' माने जाने वाले जेट की कमजोरी पकड़ ली है। मजीद डिफेंस सिस्टम ने स्न-35 से निकली इंफ्रारेड यानी गर्मी को पकड़कर उसे निशाना बनाया गया। ईरान का कहना है कि स्न-35 भले ही रडार से बचने में सक्षम हो, लेकिन उसके इंजन से निकलने वाली गर्मी को पूरी तरह छिपाया नहीं जा सकता। वहीं, अमेरिकी वेबसाइट ष्टहह ने भी सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान के हमलों की वजह से स्न-35 को मिडिल ईस्ट में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है।

### ईरान का इजराइली शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला

ईरान ने शनिवार रात इजराइल के दक्षिणी शहर डिमोना पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिससे करीब 20 लोग घायल हो गए। डिमोना वही शहर है जहां इजराइल का न्यूक्लियर प्रोग्राम सेंटर है।

### ईरान ने इजरायल के 2 परमाणु ठिकानों डिमोना अराद पर दागी मिसाइल

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग भीषण रूप लेती जा रही है। बीते दिन इजरायल-अमेरिका ने ईरान के नतांज परमाणु ठिकाने पर हमला किया। इससे ईरान बौखला गया और बीती रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। ईरान के इजरायल के डिमोना और अराद परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। दोनों इलाकों में हुए हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि न्यूक्लियर रेडिएशन नहीं हुआ है, लेकिन लोगों की जान को खतरा पैदा हुआ है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका अपने लक्ष्य पूरे करने वाला है और युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच्चाई कुछ और नजर आ रही है। ईरान ने इजरायल और सऊदी अरब पर हमले बढ़ा दिए हैं। हिंद महासागर में अमेरिका-ब्रिटेन मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के नतांज परमाणु केंद्र पर हमला किया तो ईरान ने बदला लेते हुए इजरायल के 2 परमाणु ठिकानों डिमोना और अराद में मिसाइल अटैक कर दिया।

# बीजाडांडी में भीषण सड़क हादसा, पुलिया से गिरी बाइक, 4 युवकों की दर्दनाक मौत



**मंडला, यशभारत।** मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सड़क हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भैंसवाही गांव के पास हुई, जहां एक मोटरसाइकिल पुलिया से नीचे गिर गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है, तो वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल पर चार युवक सवार थे। पुलिया से गिरने के कारण सभी चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और बीजाडांडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बीजाडांडी थाना प्रभारी अनीता कुडोपो ने चार मौत की पुष्टि की है किंतु शिनाख्त अभी बाकी है ।जिसके प्रयास तेज कर दिए गए है।।फिलहाल एक साथ नव युवा की मौत एक बाइक में चार का सवार होना,नियंत्रण छूटना,या नशा जो भी हो या कोई अज्ञात वाहन की टक्टर , सभी पहलू पर जांच जारी है।कयास लगाये जा रहे है की मृतक आस पास के ग्राम के होंगे या फिर मेहमानी में आये होंगे। शवों को बीजा डांडी हॉस्पिटल में रखा गया है।

# आप बॉस, अमेरिका इजरायल को रोकें

### ईरानी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताई जंग रोकने की शर्त

**तेहरान, नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर अहम बातचीत में बड़ी अपील की. जंग शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच दूसरी फोन वार्ता थी. पेजेश्कियन ने भारत से कहा कि BRICS के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में आप अपनी स्वतंत्र भूमिका का इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा, आप BRICS के बॉस हैं , और ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता को रोकने में सक्रिय कदम उठाएं. BRICS को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति की रक्षा में योगदान देना चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं. पेजेश्कियान ने साफ कहा कि ईरान ने युद्ध की शुरुआत नहीं की, बल्कि अमेरिका और इजरायल ने बिना किसी वैध कारण के सैन्य हमले शुरू किए. उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई, कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और निर्दोष नागरिक मारे गए. एक उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका ने पड़ोसी देशों के ठिकानों से मिनाब शहर के एक गर्ल्स स्कूल पर हमला किया, जिसमें 168 मासूम बच्चियों की मौत हुई. अमेरिका के दावे को किया खारिज ईरानी राष्ट्रपति ने अमेरिका के उस दावे को सिरे से खारिज किया कि अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार रोकने के लिए हमला किया. उन्होंने जोर देकर कहा कि दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने परमाणु हथियारों का कड़ा विरोध किया था और इसे धार्मिक व प्रशासनिक रूप से प्रतिबंधित किया था।




### पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की. कहा कि ऐसे हमले वैश्विक खाद्य-ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के लिए गंभीर खतरा हैं. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और फारस की खाड़ी में जहाजों के निर्बाध आवागमन और नौवहन की स्वतंत्रता पर जोर दिया, क्योंकि यह भारत सहित दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है. मोदी का स्पष्ट संदेश था कि जंग किसी के हित में नहीं है, सभी पक्षों को कूटनीति और संवाद से शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए. उन्होंने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरानी पक्ष के सहयोग की सराहना की.

## लड़के-लड़की की फ्रेंडशिप पर HC का बड़ा फैसला

### आरोपी को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली, यशभारत।** लड़की के साथ दोस्ती को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को रेगुलर बेल देने से साफ इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि वैलेंटाइन डे पर लड़की से दोस्ती हो गई तो इसका मतलब यह नहीं कि उससे संबंध बनाने का लाइसेंस मिल गया। बहाने से घर बुलाकर उसके साथ संबंध बनाना भी अपराध है।दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि वैलेंटाइन डे पर किसी लड़की का किसी लड़के से दोस्ताना होना, उसके साथ जबर्दस्ती यौन संबंध बनाने का लाइसेंस नहीं है।

### मध्य-पूर्व में जारी जंग के बीच खुशखबरी!

# LPG लेकर भारत के पोर्ट पर पहुंचा जहाज



**मंगलुरु, एजेंसी।** ( मध्य-पूर्व में जारी ईरान-इजरायल टेंशन के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। जहां एक तरफ ग्लोबल लेवल पर एनर्जी सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं दूसरी तरफ भारत के न्यू मंगलुरु पोर्ट पर LPG की बड़ी खेप लेकर एक कार्गो जहाज पहुंच गया है। कार्गो जहाज PYXIS PIONEER आज (रविवार को) न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर लंगर डालकर रुका। पोर्ट अफसरों के अनुसार, यह कार्गो जहाज लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की बड़ी मात्रा लेकर भारत आया है, जिससे देश में गैस की सप्लाई को मजबूती मिलेगी। ऐसे वक्त में जब ईरान-इजरायल के बीच बढ़ती टेंशन की वजह से मध्य-पूर्व एशिया में तेल और गैस सप्लाई पर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है, तब यह जहाज LPG लेकर भारत पहुंचा है। यह खेप भारत के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर मिडिल-ईस्ट एशिया में हालात और बिगड़ते हैं, तो ग्लोबल एनर्जी मार्केट में कीमतों में उछाल आ सकता है। साथ ही, सप्लाई में बाधा भी पहुंच सकती है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश के लिए मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच वैकल्पिक स्रोतों से ईंधन और गैस की उपलब्धता बहुत जरूरी हो जाती है। PYXIS PIONEER का वक्त पर पहुंचना इसी दिशा में एक सकारात्मक इशारा माना जा रहा है।

### LPG की अनलोडिंग का काम हुआ शुरू

फिलहाल, न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर जहाज से LPG उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी जरूरी जांच की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना ना रहे। इस तरह की सप्लाई भारत को ग्लोबल क्राइसिस के समय स्थिरता बनाए रखने में सहयोग करेगी। गौरतलब है कि ईरान-इजरायल जंग के बीच यह खबर आम लोगों के लिए भी राहत भरी है, क्योंकि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और दाम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# सोशल मीडिया ट्रायल पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### CJI सूर्यकांत बोले- यह निष्पक्ष सुनवाई के लिए गंभीर खतरा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है कि लोग मोबाइल फोन से बनाए गए वीडियोको तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं। कहा कि ऐसी गतिविधियां निष्पक्ष सुनवाई के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पुलिस आरोपी लोगों के वीडियोऔर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करती है, जिससे लोगों के मन में पूर्वाग्रह पैदा होता है।याचिका में तर्क दिया गया कि अदालत ने एक अन्य मामले में पहले ही राज्यों को पुलिस की मीडिया ब्रीफिंग के लिए दिशा-निर्देश बनाने को कहा है, और इसमें सोशल मीडिया पोस्ट भी शामिल होंगे। पीठ ने सुझाव दिया कि बेहतर होगा कि याचिका वापस लेकर अप्रैल के बाद, जब पुलिस के लिए दिशा-निर्देश या स्ह्रक्क लागू हो जाए, तब इसे विस्तृत दायरे के साथ फिर से दाखिल किया जाए। अदालत के सुझाव को स्वीकार करते हुए शंकरनारायणन ने याचिका वापस लेने पर सहमति जताई।



मामले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, कुछ ऐसे प्लेटफॉर्म हैं जो केवल वर्चुअल रूप में मौजूद है और वे ब्लैकमेलर हैं। सहमति जताते हुए CJI सूर्यकांत ने कहा कि यह किसी प्रकार की डिजिटल गिरफ्तारी ही है। हाल ही में, सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह उन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं और वेबसाइटों की पहचान करें जिन्होंने एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद पर अदालत के आदेश के बाद गैर-जिम्मेदाराना सामग्री पोस्ट की थी। सीजेआई ने पहले भी ऑनलाइन मीडिया को विनियमित करने की आवश्यकता व्यक्त की थी।

## सलमान खान के घर की रेकी और पाकिस्तान भेजे वीडियो, गाजियाबाद के 'रोमियो' का खौफनाक खुलासा!

**गाजियाबाद ईएमएस।** अक्सर फिल्मों में जासूसी और स्लीपर सेल की कहानियां देखी जाती हैं, लेकिन जब यह हकीकत बनकर हमारे सामने आ पहुंचे, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। गाजियाबाद के कौशांबी इलाके से हाल ही में एक ऐसे जासूसी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है, जिसने न केवल सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है, बल्कि बॉलीवुड से लेकर देश के बड़े उद्योगपतियों की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। इस मॉड्यूल का मुख्य चेहरा सुहेल उर्फ 'रोमियो' पुलिस की गिरफ्त में है और उसके कबूलनामे ने यह साफ कर दिया है कि दुश्मन की नजरें हमारी सीमाओं के साथ-साथ हमारी बड़ी हस्तियों पर भी टिकी हैं। गाजियाबाद पुलिस की तफ्तीश में यह सनसनीखेज बात सामने आई है कि गिरफ्तार आरोपी सुहेल ने मुंबई जाकर अभिनेता सलमान खान के घर की रेकी की थी। पूछताछ के दौरान सुहेल ने स्वीकार किया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने कई बार सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर चक्कर लगाए, वहां की लोकेशन ट्रैक की और मोबाइल से वीडियो बनाए।



## मार्च में अचानक कैसे हुई ठंड की एंट्री ? चौंका रहा एक्सपर्ट का दावा

***नई दिल्ली, यशभारत।*** *दिल्ली में तीन दिन की बारिश के बाद शनिवार को धूप खिली और तापमान बढ़ा, लेकिन हवाएं चलती रहीं। इससे मौसम सुहाना बना रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार की तुलना में 5.7 डिग्री अधिक रहा। हालांकि, यह सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कई जगह कोहरा भी देखने को मिला।*

बारिश का असर न्यूनतम तापमान पर भी दिखा, जो तीन डिग्री नीचे हुआ और 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और रात-सुबह में ठंड का अहसास हुआ। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, हफ्तेभर में पारा 32-34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग की मानें तो 23 मार्च को भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

### रेयर सिस्टम ने दी ठंडक

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी एक रेयर वेस्टर्न डिस्टबेंस एक्टिव हुआ, हजार किलोमीटर की ट्रफ लाइन बनी और च्रेन बैडज एक्टिव हुआ, जिसके असर से तेज हवाएं, आंधी, हल्की बारिश और तापमान में कमी आई। इससे गर्मी की शुरुआत कुछ धीमी पड़ी।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स?

आईएमडी के डायरेक्टर जनरल डॉ मृत्युंजय मोहापात्रा कहते है कि मार्च में इस तरह से वेस्टर्न डिस्टबेंस कुछ अलग था, लेकिन इसका पूर्वानुमान था। अब इस सिस्टम का असर धीमा हो चुका है तो हफ्ते-दस दिन में तापमान बढ़ जाएगा। अप्रैल से गर्मी का अहसास होने लगेगा और पिछले साल की तरह अप्रैल-मई गर्म ही होंगे। वहीं, स्काईमेट में वाइस प्रेजिडेंट (मिटीरियोलॉजी) महेश पलावत कहते हैं, यह वेस्टर्न डिस्टबेंस दुर्लभ इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि यह मार्च में आया। जनवरी में दो बार मौसम बदला, बर्फबारी हुई मगर फरवरी ब्लैंक रहा। अब हिमालय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है, जिससे ठंडी हवाओं का दिल्ली समेत उत्तर भारत में कुछ दिन असर रहेगा। इससे गर्मी की शुरुआत सॉफ्ट हुई है।

# हवाई सफर हो सकता है महंगा, घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

**नई दिल्ली, यशभारत।** अगर आप आने वाले दिनों में हवाई यात्रा की योजना बना रहे हैं. तो अपनी जेब थोड़ी और ढीली करने के लिए तैयार हो जाइए. अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया कि एटीएफ की कीमतें हर महीने की पहली तारीख को तय की जाती हैं. इसलिए तेल की वैश्विक कीमतों में हो रहे बदलावों का सीधा असर अप्रैल की शुरुआत से दिखाई दे सकता है. सरकार इस मुद्दे पर लगातार एयरलाइंस के साथ चर्चा कर रही है ताकि बीच का कोई रास्ता निकाला जा सके और परिचालन प्रभावित न हो.




### क्यों बढ़ रहा है दबाव?

विमानन ईंधन यानी एटीएफ किसी भी एयरलाइन के संचालन खर्च का लगभग 35 से 45 प्रतिशत हिस्सा होता है. पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं. जिसका सीधा असर हवाई ईंधन की दरों पर पड़ता है. नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि यह केवल एक विभाग का मामला नहीं है. बल्कि इसमें नागरिक उड्डयन. विदेश मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय को मिलकर काम करना होगा. सरकार की प्राथमिकता यह है कि यात्रियों को अचानक लगने वाले किराए के झटके से बचाया जा सके. लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर पड़ना तय है. ईंधन की कीमतों के अलावा एयरलाइंस एक और बड़ी चुनौती का सामना कर रही हैं. सुरक्षा कारणों से कुछ उच्च जोखिम वाले हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह दी गई है।



नरसिंहपुर, भोपाल, मंडला, जबलपुर, कटनी, मुंबई (महाराष्ट्र), सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## बेखौफ चाकूबाजों ने बहाया लहू दो व्यापारियों पर जानलेवा हमला

**जबलपुर।** बीती रात शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों, संजीवनी नगर और गोहलपुर में चाकूबाजोंने सरेराह अड़ीबाजी और रंजिश के चलते व्यापारियों को निशाना बनाया। बदमाशों ने न केवल रास्ता रोककर रुपयों की मांग की, बल्कि विरोध करने पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जानकारी अनुसार संजीवनी नगर थाना अंतर्गत वन विभाग ऑफिस के पास रहने वाले सोहनलाल साहनी (46) गुरंदी बाजार में गोली-बिस्कुट के थोक व्यापारी हैं, गुरुवार रात घर लौट रहे थे। एक मोटर साइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने उनका रास्ता रोका। बदमाशों ने 2 हजार रुपये की मांग की। जब व्यापारी ने रुपये देने से मना किया, तो पीछे बैठे युवक ने चाकू निकालकर उनके दाहिने पैर पर हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।



### गोहलपुर में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

दूसरी वारदात गोहलपुर थाना क्षेत्र में हुई। मिलौनीगंज निवासी वहजुल कमर (50) अपनी दुकान बंद कर ओला गाड़ी से घर जा रहा था मल्टी गेट के पास दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे। बदमाशों ने वहजुल की जांघ और हाथ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। शोर सुनकर जब उनके भाई वसीम और मोहम्मद अयूब बचाने दौड़े, तो हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने चिल्लाकर कहा आकिब भाईजान की जमीन छोड़ दो, वरना ठीक नहीं होगा।

## जिला अस्पताल में बेड क्षमता 300 से बढ़कर होगी 525

**जबलपुर, यशभारत। जिला अस्पताल के विस्तार से शहर सहित संभाग के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माणाधीन नए भवन का कार्य पूर्ण होते ही जिला अस्पताल की बेड क्षमता वर्तमान 300 से बढ़कर 525 हो जाएगी। इससे बढ़ती मरीज संख्या के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी और इलाज की सुविधाएं बेहतर होंगी।**



केंद्र सरकार के बजट प्रावधानों के तहत जिला अस्पतालों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित करने तथा इमरजेंसी वार्डो की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार मिलेगा तथा जिला अस्पताल की केवल रेफरल सेंटर वाली छवि में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। नए भवन में सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम सहित मरीजों और अस्पताल स्टाफ की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे इलाज की गुणवत्ता के साथ-साथ अस्पताल की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

### सुपरस्पेशलिटी सेवाओं की आवश्यकता

विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजी, कार्डियक सर्जरी जैसी सुपरस्पेशलिटी सेवाएं शुरू किए जाने की आवश्यकता है। संभागीय मुख्यालय का जिला अस्पताल होने के बावजूद गंभीर मरीजों को अभी भी मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ता है। यदि यहां कुछ सुपरस्पेशलिटी ब्रांच शुरू होती हैं तो मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।





## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की आराधना

### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जबलपुर,यशभारत।**

चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन शहरभर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। हर ओर माता के भजनों की गूंज सुनाई दी–कहीं ÷चलो बुलावा आया है...÷ तो कहीं ÷शेर पे सवार होके आजा शेरा वालिए...÷ जैसे भजनों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। संस्कारधानी पूरी तरह माता की भक्ति में डूबी नजर आई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में जल अर्पित करने पहुंचे, जहां लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां की पूजा-अर्चना की। मंदिरों के साथ ही घरों में भी पूजन का क्रम निरंतर जारी रहा। नवरात्र के तीसरे दिन मां के चंद्रघंटा स्वरूप की विधिवत पूजा की गई। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों–बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंभा, काली मंदिर सदर, बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर, छोटी खेरमाई देवन दीक्षितपुरा, खेरमाई मंदिर मानस भवन, शारदा मंदिर मदन महल और महाकाली मंदिर शोभापुर सहित अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

### त्रिपुर सुंदरी मंदिर में उमडी भक्तों की भीड़

इसी क्रम में शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी विशेष श्रद्धा का माहौल रहा। यहां मां दुर्गा की तीन मुख वाली प्राचीन प्रतिमा विराजित है। यह मंदिर कलचुरी कालीन माना जाता है, जब त्रिपुरी (वर्तमान तेवर) कलचुरी राजाओं की राजधानी हुआ करती थी। तब से यहां निरंतर पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। नवरात्र पर्व के दौरान तेवर स्थित मंदिर में विशेष मेला लगता है, जिसमें शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि यह मंदिर 7वीं शताब्दी का है और राजा कर्ण देव की कुलदेवी मां त्रिपुर सुंदरी थीं। पौराणिक कथा के अनुसार, राजा कर्ण की भक्ति से प्रसन्न होकर मां उन्हें उनके वजन के बराबर सोना प्रदान करती थीं। आज भी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में प्राचीन अवशेष मिलते रहते हैं, जिनका अध्ययन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जा रहा है। धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व के कारण यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जबलपुर में 3 दिवसीय भव्य आयोजन

**जबलपुर,यशभारत।** संस्कारधानी के स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल से श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन आचार्य पं. धर्मेन्द्र दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव, हवन, अभिषेक, महाआरती एवं भंडारे के साथ होगी। इसके पश्चात 1 अप्रैल को ब्रह्ममुहूर्त में 24 घंटे का संगीतमय रामचरितमानस अखंड पाठ आयोजित किया जाएगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 4 बजे जन्म पूजन, चोला-श्रृंगार एवं महाआरती के साथ




कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। दिनभर सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, कन्या पूजन एवं देश-विदेश के 101 ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन के दौरान लगभग 51 घंटे तक लगातार धार्मिक कार्यक्रम चलेंगे। साथ ही 1 लाख श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे विशाल भंडारा, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, दवा वितरण एवं चश्मा वितरण की व्यवस्था की गई है। 3 अप्रैल को भजन संध्या एवं आरती के साथ आयोजन का समापन होगा। आचार्य पं. धर्मेन्द्र दुबे ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## तेज रफ्तार ट्राला ने ली कलेक्ट्रेट कर्मचारी की जान, पत्नी और मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत उलदना ब्रिज के समीप शुक्रवार को अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रॉला ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में कलेक्ट्रेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब मृतक अपनी पत्नी और दो साल की मासूम बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर स्लीमनाबाद जा रहा था। पत्नी और मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। सिहोरा थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः स्लीमनाबाद निवासी रमाकांत नामदेव जबलपुर में शासकीय क्वार्टर में पत्नी बच्ची के साथ रहता था और कलेक्ट्रेट में भृत्य के पद पर पदस्थ था शासकीय अवकाश होने के चलते हुए वे अपनी पत्नी रश्मी और दो वर्षीय बेटी के साथ मोटरसाइकिल से स्लीमनाबाद जा रहा था जैसे ही वे उलदना ब्रिज के समीप पहुँचा तो सामने से आ रहे एक ट्रॉला के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि रमाकांत तिवारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, उनकी पत्नी रश्मी और दो साल की मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

## कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी मंदिर में धार्मिक आयोजन ज़ारी

**जबलपुर,यशभारत।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कजरवारा स्थित माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में 9 दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है, जहां प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से भक्ति रस की वर्षा होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च को माँ के 108 ज्वारों के कलश स्थापना के साथ हुई, जिसमें महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। 26 मार्च को गायिका संजो बघेल द्वारा देवी गीत व जागरण की प्रस्तुति की जायेगी। और 29 मार्च (रविवार) को शाम 6 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष नकुल गुप्ता सहित समस्त सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रतिदिन समय से पहले पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करें और इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें।



## रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत का लाभ 2800 रेल कर्मचारियों को मिलेगा

### रेल कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को हल कराने रेल मजदूर संघ तत्पर

**जबलपुर यशभारत।**


रेलवे बोर्ड ने एनएफआईआर व डबलूसीआरएमएस के प्रयासों के चलते रनिंग स्टाफके रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है।इस निर्णय का लाभ जबलपुर रेल मंडल के लगभग 2800 रनिंग स्टाफ जिनमें 2200 लोको रनिंग व 600 के लगभग ट्रेन मैनेजर्स को मिलेगा. इन्हें एरियर्स के रूप में लगभग 20 करोड़ रुपए की राशि भी प्राप्त होगी। उक्त जानकारी वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने पत्रकारों से चर्चा में डीपी अग्रवाल एवं मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला व संघ प्रवक्ता सतीश कुमार उक्त जानकारी दी गई। उन्होंने आगे बताया कि मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग के चलते रेल मंडल के 2500 हजार से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति दिलाने का बड़ा काम किया है। मजदूर संघ के मंडल सचिव डीपी अग्रवाल ने बताया कि पहली बार इतनी अधिक संख्या में कर्मचारियों को 2400 ग्रेड पे से 4200 ग्रेड पे पर पदोन्नति दिलाने का काम किया गया है। इसका प्रभाव यह होगा कि जब आठवां वेतन आयोग लागू होगा, तब पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों को इसका अधिक फायदा होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कई ज्वलंत समस्याओं को हल कराने के लिए भी संघ लगातार प्रतिबद्ध है और पीएनएम के अलावा व्यक्तिगत स्तर पर भी डीआरएम व अन्य अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकाला जा रहा है।संघ पदाधिकारियों के मुताबिक संघ द्वारा रेल प्रशासन पर लगातार दबाव बनाने के चलते जबलपुर रेल मंडल के पेट्रोलमैनों की पेट्रोलिंग किलोमीटर को घटवा दिया गया है. वहीं पेट्रोलमैन के अलावा अन्य कर्मचारियों को पानी की 3 लीटर की उच्च क्वालिटी की बोतलें उपलब्ध कराई गई हैं वहीं जो कर्मचारी शेष रह गये हैं, उन्हें भी मुहैया करा दी जायेगी। वहीं रनिंग स्टाफको 25त्न किमी भत्ते का लाभ मंडल के 2800 स्टाफको मिलेगा।

## इंदौर गिरफ्तारी मामले में आया नया मोड़

### ‘घर से गिरफ्तारी’ लार्डगंज पुलिस की कहानी झूठी, आरोपियों को खुद थाने में कराया था पेश... वहीं पुलिस ने कहा- घटना की हुई है पूरी वीडियोग्राफी

**जबलपुर यश भारत**

**इंदौर के चर्चित गिरफ्तारी मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। जबलपुर के लार्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आदि अपार्टमेंट में रहने वाली शिखा शर्मा ने पुलिस के उस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया जाना बताया जा रहा है। शिखा शर्मा का कहना है कि पुलिस द्वारा लगाए जा रहे आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं।वहीं दूसरी तरफमामले को लेकर पुलिस का कहना है कि पूरी गिरफ्तारी के दौरान वीडियोग्राफी की गई है..तो इस प्रकार की बात होने का कोई सवाल ही नही उठता...**



शिखा शर्मा ने अपने अधिवक्ता के साथ प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों उनके दामाद और उनके दो साथियों का नाम इंदौर की एक घटना के मामले में सामने आया था। इस संबंध में उन्होंने स्वयं पहल करते हुए तीनों को लार्डगंज थाने में पेश कराया था। उनका कहना है कि परिवार ने कानून से भागने या आरोपियों को संरक्षण देने का कोई प्रयास नहीं किया, बल्कि उन्हें नियमानुसार पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया गया ..

**‘घर से गिरफ्तारी’ के दावे को बताया गलत–** शिखा शर्मा ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पुलिस की ओर से यह प्रचारित किया जा रहा है कि आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया, जबकि यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। उनका कहना है कि यदि उन्होंने स्वयं आरोपियों को थाने में पेश कराया, तो फिर घर से गिरफ्तारी का दावा समझ से परे है। उन्होंने पुलिस के इस कथन को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है।

**लार्डगंज पुलिस ने इंदौर पुलिस को सौंपा–** शिखा शर्मा के अनुसार, जब आरोपियों को लार्डगंज थाने में पेश किया गया, तब स्थानीय पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और इसके बाद उन्हें इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया। उनका कहना है कि पूरी कार्रवाई विधिसम्मत तरीके से हुई, लेकिन बाद में पुलिस की ओर से जो जानकारी सामने आई, उसने पूरे मामले को अलग दिशा दे दी।

**सामाजिक छवि खराब करने का आरोप–** शिखा शर्मा और उनके अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि पुलिस के इस तरह के दावे से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि जिस प्रकार से घर से गिरफ्तारी की बात कही जा रही है, उससे ऐसा प्रतीत होता है मानो उन्होंने आरोपियों को अपने यहां शरण दे रखी थी, जबकि उन्होंने खुद उन्हें थाने पहुंचाने का काम किया।

......................

*मामले को लेकर सीएसपी कोतवाली रितेश शिव का कहना है कि इंदौर से आई टीम मे मामले के विवेचक के अनुसार एक आरोपी को पुलिस द्वारा शिखा शर्मा के फ्लैट से ही गिरफ्तार किया गया है जिसमे कि पूरी गिरफ्तारी के दौरान वीडियोग्राफी भी की गई है..तो इस प्रकार की बात होने का कोई सवाल ही नही उठता।*

***रितेश शिव,** सीएसपी कोतवाली*

## सिलेंडर की कालाबाजारी और अवैध भंडारण की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**जबलपुर यश भारत।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए रसोई गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रशासन ने घोषणा की है कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को जप्त किए गए सिलेंडरों की अनुमानित लागत का 25 प्रतिशत तक पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि यह राशि अधिकतम 5 हजार रुपये तक सीमित रहेगी। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी एवं एलपीजी नोडल अधिकारी के अनुसार जिले में लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। नागरिक एलपीजी नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर 8878038092 या कंट्रोल रूम नंबर 9584319092 पर कॉल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते हैं।

## शिक्षकों से दोबारा परीक्षा लेने के फैसले पर उठे सवाल, टीईटी का विरोध तेज

**जबलपुर यश भारत।** लंबे समय से शिक्षा सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को पुनः अनिवार्य किए जाने के निर्णय का जबलपुर सहित प्रदेशभर में विरोध तेज हो गया है। 25 से 28 वर्षों तक सेवा देने वाले शिक्षकों का कहना है कि यह फैसला उनके आत्मसम्मान के विपरीत है। शिक्षक संगठनों ने आशंका जताई है कि यदि कोई शिक्षक परीक्षा में असफल होता है तो उसके भविष्य पर संकट आ सकता है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने सरकार से इस निर्णय को तत्काल निरस्त करने की मांग की है और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए न्यायालय का सहारा लेने की बात कही है।

## अवैध खनन में पकड़ी रेत पास के जिलों में भेजी जाएगी, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जबलपुर यश भारत।** कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित सीएम हेल्पलाइन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में विभागवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में किया जाए। साथ ही अवैध खनन में पकड़ी गई रेत को पास के जिलों के एमडीओ को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व वसूली समय पर सुनिश्चित करने, अतिक्रमण हटाने और सीलिंग प्रकरणों को गंभीरता से लेने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा साइबर तहसील, फार्मर रजिस्ट्री और अवमानना से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## मध्यप्रदेश ध्यान महायज्ञ का शुभारंभ पहले दिन उमड़ी आध्यात्मिक ऊर्जा

**जबलपुर यश भारत।** तीन दिवसीय मध्यप्रदेश ध्यान महायज्ञ का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें सीनियर मास्टर्स और अतिथि वक्ताओं की उपस्थिति ने वातावरण को ध्यानमय बना दिया। प्रथम सत्र में मास्टर पी.वी. राम राजू ने अनापानसति ध्यान की विधि समझाई, जबकि रागिनी सेल्वराज ने मुक्ति मार्ग पर प्रकाश डाला। शंपा मुखर्जी ने नवरात्रि के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व को बताया। भोजनावकाश के बाद कर्म के रहस्य, ध्यान के विज्ञान और लाभ जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। दोपहर में सामूहिक ध्यान सत्र में साधकों ने गहन शांति का अनुभव किया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और जीवंत बनाया। शाम को ÷थॉट टू रियलिटी÷ विषय पर व्याख्यान हुआ। पहले दिन के आयोजन ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया। यह महायज्ञ आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।



## लावारिस हालत में मिला मजदूर का शव, गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर,यशभारत।** छोटी ओमती उड़िया मोहल्ला निवासी पूरण सैन का शव गुरंदी बाजार के पास कचरे के ढेर में संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक मजदूरी कर जीवन यापन करता था और लंबे समय से घर से दूर रह रहा था। पुलिस द्वारा जानकारी मिलने पर भतीजे सोनू सैन ने शव की पहचान की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार अंतिम संस्कार करने में असमर्थ था। ऐसे में गरीब नवाज कमेटी ने आगे आकर मानवता की मिसाल पेश की और तिलवारा मुक्तिधाम में भतीजे के हाथों अंतिम संस्कार कराया। इस कार्य में रियाज अली, बाबू खान, दीपक निगम, बछु नांकनी, अल्तमश रायन और मो. करीम का विशेष सहयोग रहा।




## किन्नरों पर आरपीएफ का शिकंजा, मनमानी वसूली पर सख्त कार्रवाई

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में यात्रियों से जबरन वसूली और अव्यवस्था फैलाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आरपीएफने किन्नरों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई किन्नरों को स्टेशन और ट्रेनों में बिना अनुमति प्रवेश कर यात्रियों से पैसे मांगते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में आरपीएफपोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि लंबे समय से यात्रियों द्वारा शिकायतें की जा रही थीं कि कुछ किन्नर ट्रेन और प्लेटफार्म पर चढ़कर जबरदस्ती पैसे मांगते हैं जिससे यात्रियों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो किन्नरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पकड़े गए किन्नरों को समझाइश दी गई, वहीं कुछ के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया। आरपीएफने स्पष्ट किया है कि स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।इस कार्रवाई से स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।









# अमन-चैन की दुआओं के साथ अदा हुई ईद की नमाज़

## जबलपुर में दिखा भाईचारे का रंग

**जबलपुर,यशभारत। ईद-उल-फित्र का पर्व आज पूरे देश के साथ जबलपुर में भी हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया जा रहा है। एक महीने तक रोजे रखने के बाद मुस्लिम समाज में खुशी की लहर है। सुबह फज्र की नमाज़ के साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई और शहर की ईदगाहों व मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की गई।**

ईद-उल-फित्र इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो रमजान माह के समापन और शव्वाल के चांद के दीदार के बाद मनाया जाता है। यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने का संदेश देता है। शहर की प्रमुख ईदगाहों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ अदा की। रानीताल ईदगाह में मुफ्ती ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी ने मुस्लिम बंधुओं को संबोधित किया। इसके बाद सुबह 10:30 बजे नायब मुफ्ती ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत सूफी जियाउल हक कादरी बुरहानी ने ईद की नमाज़ अदा कराई। गोहलपुर मोमिन ईदगाह में सुबह 8:30 बजे हाफिज मुहम्मद ताहिर साहब ने नमाज़ पढ़ाई। वहीं सदर बाजार स्थित ईदगाह में सुबह 9 बजे हाफिज कारी सुल्तान अशरफी ने नमाज़ अदा कराई। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा ईदगाह में सुबह 10 बजे हाफिज कारी मौलाना अमीर अशरफने नमाज़ अदा कराई। इसके अलावा मस्जिद अहले सुन्नत वल जमाआत, दरीखाना पी.एस.एम. में सुबह 8 बजे नमाज़ अदा की गई। शिया जामा मस्जिद, फूटाताल में मौलाना सैय्यद हैदर मेहंदी साहब ने सुबह 9:30 बजे ईद की नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, चैन और तरक्की की दुआएं मांगी। पूरे शहर में ईद का उत्साह और भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला।

### माता-पिता का करें सम्मान

मौलाना डॉ.मुशाहिद रजा कादरी साहब ने अपनी तकरीर में कहा कि हर इंसान का पहला फर्ज अपने मां-बाप की इज्जत करना और उनकी खिदमत करना है। मां-बाप ही वह जरिया हैं जिनकी बदौलत इंसान इस दुनिया में आता है और उसे अल्लाह की इबादत करने का मौका मिलता है। जो व्यक्ति अपने मां-बाप की कदर करता है और उनकी खुशी का ख्याल रखता है, वही सच्चे मायनों में नेक इंसान कहलाने का हकदार है। इसलिए सभी को चाहिए कि वे अपने माता-पिता की सेवा को अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाएं और उनके बताए रास्ते पर चलें।

# स्टेशन में खोया हुआ पर्स वापस पाकर यात्री ने राहत की सांस ली



### जीआरपी ने 3 लाख कीमत के जेवरात किए महिला के सुपुर्द

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक महिला यात्री का जेवरातों से भरा पर्स छूट जाने के बाद जीआरपी ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित उसके मालिक को वापस सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य से पुलिस की कार्यशैली पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। इस संबंध जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई की सुमन वास्केल का पर्स जिसमे सोना चाँदी का ज्वेलरी है प्लेटफार्म पर ही छूट गया है जो सूचना पर तत्काल ड्यूटीरत स्टाफको बताया गया जो म आर गुरजीत एवं राम निवास ओझा द्वारा पर्स पता तलाश कर थाना लाया गया एवं महिला यात्री के उपस्थित आने पर सुपुर्द किया गया जो उक्त सामान की कीमत लगभग 3 लाख की है। उल्लेखनीय है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और प्लेटफार्म व आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन शुरू की। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। इसी दौरान प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को एक संदिग्ध अवस्था में पड़ा पर्स मिला, जिसे सुरक्षित कब्जे में लिया गया। जांच के बाद पर्स में मिले दस्तावेजों के आधार पर उसके वास्तविक मालिक की पहचान की गई और उसे थाने बुलाकर पूरा पर्स उसके सुपुर्द कर दिया गया। पर्स में रखे सभी जेवरात और सामान सही-सलामत पाए गए।अपना खोया हुआ पर्स वापस पाकर यात्री ने राहत की सांस ली और जीआरपी टीम का आभार व्यक्त किया।

# एक साल बाद भी अनसुलझी हत्या

### न कातिल का सुराग, न मृतक की शिनाख्त

### गोली मारकर नहर किनारे फेंकी गई थी लाश, जांच अब तक बेनतीजा

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला थाना क्षेत्र की गौर चौकी अंतर्गत ग्राम बारहा नहर किनारे पिछले वर्ष बरामद हुए एक अज्ञात व्यक्ति के रक्तरंजित शव की गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाई है। हैरानी की बात यह है कि इतने समय बाद भी पुलिस न तो हत्यारे तक पहुंच सकी है और न ही मृतक की पहचान स्थापित हो सकी है। इससे जांच की रफ्तार और नतीजों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### नहर किनारे मिला था शव

जानकारी के अनुसार 1 नवम्बर 2025 को ग्राम बारहा नहर किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव रक्त से सना हुआ था, जिससे स्पष्ट था कि व्यक्ति की मौत हिंसक परिस्थितियों में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया।

### सिर में गोली लगने से हुई थी मौत

प्रारंभिक जांच और विवेचना में यह तथ्य सामने आया था कि मृतक के सिर में गोली मारी गई थी। गोली लगने के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौत हो गई। पुलिस को घटनास्थल से कुछ अहम परिस्थितिजन्य संकेत भी मिले थे। शव से कुछ दूरी पर मृतक की चप्पलें पड़ी मिली थीं, जिससे आशंका जताई गई कि वारदात के दौरान संघर्ष या घसीटे जाने जैसी स्थिति बनी होगी।

### 45 से 50 वर्ष के व्यक्ति की हत्या, लेकिन पहचान अब भी अज्ञात

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच आंकी गई थी। अज्ञात आरोपी द्वारा अज्ञात पुरुष को गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद शव नहर किनारे फेंक दिया गया था। मर्ग जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफहत्या का मामला दर्ज किया था। घटना को महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस जांच किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। न तो मृतक की शिनाख्त हो सकी है और न ही आरोपी का कोई ठोस सुराग हाथ लगा है। यह मामला अब क्षेत्र की उन अनसुलझी हत्याओं में शामिल हो गया है, जिनमें समय बीतने के साथ रहस्य और गहराता जा रहा है।

### कई सवाल अब भी कायम

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर मृतक कौन था, उसकी हत्या किसने और क्यों की, और फिर शव को नहर किनारे लाकर क्यों फेंका गया। यदि समय रहते मृतक की पहचान हो जाती, तो संभव था कि हत्या की वजह और आरोपी तक पहुंचने का रास्ता भी साफहोता। फिलहाल यह मामला पुलिस के लिए अब भी चुनौती बना हुआ है।

# धोखेबाज प्रेमी पर एफआईआर, एसपी ऑफिस में पीड़िता ने किया था आत्मदाह का प्रयास

### 6 साल से शादी का झांसा देकर लूटता रहा आबरू




**जबलपुर, यशभारत।** रायसेन के धोखेबाज प्रेमी के खिलाफबेलबाग पुलिस ने गुरूवार को दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार को पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुद पर पेट्रोल छिडक़कर आत्मदाह की कोशिश की थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेलबाग थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी युवती (26) को रायसेन निवासी सौरभ जाटव 25 वर्षीय ने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोपित पीड़िता का रिश्तेदार है। सौरभ शादी का झांसा देकर करीब 6 साल से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस बीच युवती को पता चला कि युवक दूसरी युवती से शादी करने की तैयारी कर रहा है। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे छोड़ दूर बना ली थी । पीड़िता पहले अपनी शिकायत लेकर बेलबाग थाने भी पहुंची थी और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया था। पीड़िता का आरोप रहा कि पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर बुधवार को वे उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया था और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई थी जहां उसने स्वयं पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगाने की कोशिश की थी। वहीं बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर का कहना है कि पीड़िता ने आपबीती पुलिस को सुनाई थी पुलिस ने कार्रवाई करने के लिए बोला था लेकिन युवती मामले में एफआईआर नहीं चाहती थी। सिर्फ युवक से शादी करना चाहती थी। पीड़िता की काउंसलिंग कराई गई। पीड़ित गुरूवार को थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराने तैयार हुई। जिसके बाद पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपित के खिलाफदुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

# रांझी में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**जबलपुर,यशभारत।** श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर रांझी क्षेत्र में भागवत जन कल्याण सेवा समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचन श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज के श्रीमुख से किया जा रहा है। कलश यात्रा तुलसी नगर से प्रारंभ होकर जे.बी.एल. स्कूल, राधा कृष्ण मंदिर, बड़ा पत्थर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में सम्पन्न हुई। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। पीले वस्त्रों में सुसज्जित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों ने यात्रा को और भी भव्य बना दिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्रीमती शांति मिश्रा सहित पूर्व नगर निगम अध्यक्ष राजेश मिश्रा, अधिवक्ता उदित पिल्ले एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चौक के कार्यक्रम में निछावर को लेकर खूनी संघर्ष, 4 हुए घायल

### घर में घुसकर लाठी-डंडों और रॉड से हमला

**जबलपुर, यशभारत। कुण्डम थाना अंतर्गत चाँदनी चौक में चौक कार्यक्रम के दौरान निछावर की बात को लेकर उपजा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बदमाशों ने घर में घुसकर लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चाँदनी चौक निवासी नित्यानंद झारिया (41) पुत्र रामकिशोर झारिया के घर आयोजित चौक के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहाँ निछावर करने की बात को लेकर लडक़ी पक्ष के गुड्डू झारिया ने विवाद शुरू कर दिया। जब नित्यानंद के पिता और चचेरे भाई विपिन ने बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता की। विवाद के बाद पीड़ित पक्ष अपने घर लौट आया, लेकिन आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। गुड्डू झारिया और उसके साथी वाहन क्रमांक एमपी 20 सी के 2029 से पहले ग्राम सदाफल पहुंचा और विपिन झारिया के घर का दरवाजा पीटकर सीधे नित्यानंद के घर जा धमका। नित्यानंद के घर के बाहर खड़े विजय बैगा, सोनेलाल झारिया और अमित झारिया पर आरोपियों ने अचानक लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में विजय, सोनेलाल और अमित के सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पर नित्यानंद के सीने और पीठ में भी चोटें आई हैं।

# दोस्ती तोड़ी तो गुस्साएं बदमाशों ने मचाया उपद्रव

**जबलपुर। कैंट थाना क्षेत्र में दोस्ती तोडऩे से गुस्साएं बदमाशों ने उपद्रव मचाते हुए धमकाते हुए पथराव कर तोडफ़ोड़ कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे युवक के साथ मारपीट कर दी।**

पुलिस के मुताबिक कैंट निवासी भावना यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 11:30 बजे जब वह अपने घर के बाहर स्कूटी खड़ी कर अंदर पहुंची, तभी उनका पड़ोसी शुभम पासी पानी के पाइप के संबंध में चर्चा करने घर आया। इसी दौरान गोरखपुर निवासी हर्षिक कैथवास, अंश कैथवास और रोहित बेलवंशी अचानक घर के अंदर घुस आए और भावना के बेटे यश के बारे में पूछताछ करने लगे।जब महिला ने बताया कि यश घर पर नहीं है, तो आरोपियों ने अभद्र शुरू कर दी। विरोध करने पर युवकों ने घर के बाहर खड़ी जूपिटर, बिजली के मीटर में पथराव कर तोड़ दिया। जब पड़ोसी शुभम पासी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ मारपीट की इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता के बेटे यशवंत के अनुसार आरोपी उसके पुराने दोस्त थे, लेकिन उनकी गलत आदतों के कारण उसने उनसे दोस्ती तोड़ दी थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी उसे नुकसान पहुंचाने के इरादे से घर आए थे।

### इधर कार-दो ऑटो में तोड़फोड़

कोतवाली थाना अंतर्गत दमोह नाका क्षेत्र में बीती रात दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत इन बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कार, दो ऑटों को निशाना बनाते हुए पत्थरबाजी कर तोडफ़ेड़ की ।पुलिस के मुताबिक नितिन यादव निवासी दमोह नाका ने बताया कि रात लगभग 2:50 बजे जब वे सो रहे थे, अचानक बाहर से कांच टूटने की तेज आवाजें आईं। बाहर निकलकर देखा तो मोहल्ले के ही दो युवक, अंकित माली और विपिन बैन, नशे की हालत में उनकी स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 20 टीए 1756 पर पत्थर बरसा रहे थे। पड़ोसी रोहित कुमार चौधरी की ऑटो 20 एल ए 8310 और विकास चौधरी की लोडिंग ऑटो क्रमांक एमपी एल बी 0636 पर भी पथराव कर तोडफ़ेड़ की।

# टेलीग्राम के जरिए फैलाया ठगी का नेटवर्क, विदेश तक जुड़े तार

### 2.27 करोड़ की ठगी: रिमांड में ठगों ने नए नाम के साथ उगले राज

**जबलपुर, यशभारत।**


**शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेकर सघन पूछताछ कर रही है। जिसमें ठगी नेटवर्क से जुड़े आरोपियों ने नए राज उगले है। इसके साथ नए नाम भी पुलिस को बताये है जो दिल्ली-मुंबई निवासी है। जिसकी तफ्तीश चल रही है यहां भी टीमें दबिश देने की तैयारी में है। अब तक की जांच में यह बात भी सामने आई है कि ठगी का मकडज़ाल सोशल मीडिया के टेलीग्राम के जरिए फैलाया गया था और इसके तार विदेश तक जुड़े हुए है।**




आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे। इन्हीं खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की रकम को इधर-उधर करते थे। पूछताछ में आरोपियों द्वारा और भी राज उगलने की संभावना है। आज रिमांड खत्म होने पर तीनों को पुनः न्यायालय पेश किया जायेगा । विदित हो कि साइबर ठगों ने शहर में महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे। आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा। इसके साथ ही, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के बहाने और सस्ते दर पर बल्क ट्रेडिंग में शेयर दिलाने का झांसा देकर महिला से किश्तों में कुल 2.27 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया था। मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद एक अन्य आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा पिता भवानी प्रसाद विश्वकर्मा को अभिरक्षा में लेकर प्रोडक्शन वारंट में शहर लाया है। पूर्व में पकड़े गए आरोपी रोहित भगोरिया और तरुण ने अभिषेक की संलिप्तता की जानकारी दी थी।

अभिषेक एक आदतन साइबर अपराधी है, जो पहले से ही मुंबई वर्ली साइबर पुलिस स्टेशन और नागपुर राणा प्रताप नगर थाना के धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद था। इसके अलावा रवि कुमार पिता जय भगवान निवासी ग्राम बिंझौल थाना मॉडल टाउन पानीपत, कमल कश्यप पिता सुरेन्द्र कश्यप निवासी बिंझौल पानीपत को भी गिरफ्तार किया है। अभिषेक विश्वकर्मा समेत तीनों को रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे।

इन्हीं खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था। जांच में सामने आया कि ठगी गई राशि में से 20 लाख रुपये इन्हीं के द्वारा संचालित एक खाते के जरिए आगे भेजे गए थे। आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी गई शेष राशि के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।



### नाम सुधार सूचना

मैं RAJA CHOUDHARY S/O GANGA RAM CHOUDHARY यह सूचित करता हूँ कि मेरे 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम RAJA S/O GANGA RAM लेख है जबकि मेरा नाम RAJA CHOUDHARY S/O GANGA RAM CHOUDHARY है, जो कि मेरे आधार कार्ड क्र0 389737618305, पेन कार्ड क्र0 BOMPC4193R में लिखा हुआ है। अत: मेरा नाम को RAJA CHOUDHARY S/O GANGA RAM CHOUDHARY ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।

पूर्व नाम- RAJA S/O GANGA RAM
वर्तमान नाम- RAJA CHOUDHARY S/O GANGA RAM CHOUDHARY
पता - H.NO. 617, ARVIND WARD, BHAN TALIYA, BEHIND AARA MACHINE, JABALPUR 482001

### नाम सुधार सूचना

**मैं श्रीमती** भावना शर्मा पति स्वर्गीय संजीव शर्मा यह घोषणा करती हूं कि मेरे माता श्रीमती उर्मिला शुक्ला एवं पिता राम नारायण शुक्ला का पूर्व में निधन हो गया है जिनकी पंजीयन क्रमांक 301408152 है। मुझ शपथ करता का पूर्व का नाम भावना शुक्ला एवं शादी उपरांत श्रीमती भावना शर्मा पति स्वर्गीय संजीव शर्मा है मेरे स्वर्गीय पिता जी के ऑफिस फाइल में त्रुटिवश मेरा नाम भावना नाम दर्ज हो गया है जो कि वर्तमान में मुझ शपथकर्ता का सही नाम श्रीमती भावना शर्मा पति स्वर्गीय संजीव शर्मा है उक्त नाम भावना शुक्ला एवं शादी उपरांत श्रीमती भावना शर्मा एवं भावना यह तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता का है अर्थात मुझे श्रीमती भावना शर्मा के नाम से पढ़ा एवं लिखा एवं दर्ज किया जाए।

**सही नाम - श्रीमती भावना शर्मा**
**पता - म. न.192, फूटा ताल दुर्गा चौक हनुमान वार्ड जबलपुर**

### कार्यालय वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमण्डल, जबलपुर

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि स्व. श्री रामदुलारे विश्वकर्मा मेसर्स कमल सॉ मिल पता-1095 मदन महल आमनपुर, जबलपुर की मुत्यु दिनांक 28.07.2023 को हो जाने को फ्लस्वरूप उनके स्वामित्व की 02 (दो) आरामशीन एवं 1 सहायक ट्राली (माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में कमांक 140) के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति धारक का नाम विलोपित कर उनकी पुत्री श्रीमति सुनीता विश्वकर्मा ने अपने पुत्र श्री वरूण विश्वकर्मा पति स्व0 श्री भीमराव विश्वकर्मा का नाम दर्ज किये जाने बावद आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल की बैठक दिनांक 09.06.2025 में एजेण्डा क्रमांक 1.10 में लिये गये निर्णय अनुसार चूंकि प्रकरण उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति स्थानांतरित करने से संबंधित है। अतः कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक की जारी आरामशीन अनुज्ञप्ति कमांक JBP/SM/2021/112 दिनांक 16.06.2021 में अनुज्ञप्ति धारक का नाम मेसर्स कमल सॉ मिल प्रो0 स्व. श्री रामदुलारे विश्वकर्मा पत्ता-1095 मदन महल आमनपुर, जबलपुर का नाम दर्ज चला आ रहा है अब नामांतरण आवदेन पर कार्यवाही अनुसार उनकी पुत्री श्रीमति सुनीता विश्वकर्मा पुत्र श्री वरूण विश्वकर्मा आ0 स्व0 श्री भीमराव विश्वकर्मा का नाम म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 के प्रारूप ग नियम 4 (1) के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था /वसीयतधारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मैं मूल दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावे को मान्य नहीं किया जावेगा।

**वनमंडल अधिकारी सामान्य**
**वनमण्डल जबलपुर**
**वनमंडलाधिकारी/अनुज्ञप्ति अधिकारी**

## चिंतन-मनन

# धर्म क्या है?

धर्म के मुख्यत दो आयाम हैं। एक है संस्कृति, जिसका संबंध बाहर से है। दूसरा है अध्यात्म, जिसका संबंध भीतर से है। धर्म का तत्व भीतर है, मत बाहर है। तत्व और मत दोनों का जोड़ धर्म है। तत्व के आधार पर मत का निर्धारण हो, तो धर्म की सही दिशा होती है। मत के आधार पर तत्व का निर्धारण हो, तो बात कुरूप हो जाती है। एक संत आता है। भीतर की गुफा में जाकर धर्म के तत्व अध्यात्म को जानता है। फिर वह चला जाता है। फिर मत बचा रहता है। उसके आधार पर एक संस्कृति विकसित होती है। संस्कृति के फूल खिलते हैं। काल प्रम में संस्कृति मुख्य हो जाती है। अध्यात्म गौण हो जाता है। और फिर एक संत को, एक जीवित संत को इस धरती पर आना पड़ता है। फिर से अंगारे जलाने होते हैं। फिर से दीप जलाना होता है।

जो दीप कभी जला था, उसके आधार पर जो गीत रह गए थे, वे पुराने पड़ जाते हैं। फिर से एक नया दीपक जलता है। नई रोशनी आती है। नया गीत फूटता है। नई नदी बहती है। सब कुछ नूतन हो जाता है। तो कहूँगा कि तुम जानो या न जानो, तुम सब धर्म के मार्ग पर ही हो। कोई व्यक्ति ऐसा नहीं हैं, जो धर्म के मार्ग पर नहीं है।

यह और बात है कि उसे पता है, या नहीं पता है। लेकिन धर्म का तत्व क्या है? धर्म का उद्गम क्या है? कहाँ पहुँचना है हमें? गंतव्य कहाँ है? उस बात को बताने के लिए ही संत इस धरती पर आता है। स्वामी विवेकानंद जी भी आए। और ये याद दिलाने के लिए आता है संत कि तुम कौन हो? अमृतस्य पुत्रा?। तुम राम-कृष्ण की संतान हो। तुम कबीर और गुरुनानक की संतान हो। तुम बुद्ध और महावीर की संतान हो। तुम क्यों दीन-हीन और दरिद्र जैसा जीवन जी रहे हो? क्यों अशांत हो, क्यों दुःखी हो? अपना स्वरूप हम भूल गए हैं। करीब-करीब ऐसे ही हम जीवन जीते हैं अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर। इस जीवन की कितनी गरिमा है। इस जीवन की कितनी क्षमता है। अनंत आनन्द का खजाना, जो हमारे भीतर है, उसकी ओर हम पीठ करके जीते हैं। महर्षि नारद की तरह फिर कोई संत आता है हमारे बीच। कभी बुद्ध, कभी महावीर, कभी कृष्ण, कभी राम, कभी गुरुनानक, कभी गुरु अर्जुनदेव, कभी दादू, कभी दरिया, कभी रैदास, कभी मीरा, कभी सहजो, कभी दया बनकर आता है और हमसे कहता हैं कि चलो! उस मानसरोवर को चलो, जहाँ से तुम आए हो।

### विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया। समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती।

## कड़वे वचन



छाता बारिश को रोक तो नहीं सकता परन्तु बारिश में खड़े रहने का हौंसला जरूर दे सकता है।ठीक इसी तरह से सत्संग और प्रवचन तुम्हारे दुखों को नष्ट तो नहीं कर सकते परन्तु उहें सहने की ताकत जरूर दे सकते हैं दुख में से सुख खोजने की कला जरूर सिखा सकते हैं।इसलिए सत्संग करो, उससे तुम्हें दुख सहने की ताकत मिलेगी ओर तुम अभाव में भी मुस्कुरा सकोगे।

## आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः- 22 मार्च 2026
दिन-रविवार, माह- कृष्ण पक्ष
विक्रम संवत 2083

**मेष** – स्थान परिवर्तन चाहने वाले लोगों को कुछ उम्मीद नजर आएगी मनोबल बढ़ेगा

**वृष** – युवक वर्ग व्यक्तिगत और व्यवहारिक गतिविधियों में तालमेल बनाकर रखेंगे

**मिथुन** – किसी संबंधी जनों की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है अन्य खर्चे भी परेशान करेंगे

**कर्क** – अपनी सूझबूझ के साथ नकारात्मक परिस्थितियों में भी अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं

**सिंह** – व्यवसाय में अनिश्चितता रहने से चिंता बढ़ेगी अनावश्यक तनाव ना ले

**कन्या** – अत्यधिक तनाव और मेहनत की वजह से आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है ध्यान रखें

**तुला** – जोखिम भरे कामों से दूर रहे अनावश्यक सलाह ना दें

**वृश्चिक** – अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे आज की मेहनत भविष्य में अच्छे परिणाम दे सकती है

**धनु** – व्यवसाय में अत्यधिक भाग दौड़ बनी रहेगी स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान दें

**मकर** – परिवार जनों के आपसी सहयोग से माहौल सकारात्मक बना रहेगा वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं

**कुंभ** – शांतिपूर्ण तरीके से कम करने की कोशिश करें तनाव से दूर रहने की कोशिश करें

**मीन** – संतुलित आहार ले दिनचर्या को सुधारने की कोशिश करें

# शक्ति आराधना के साथ उत्तम स्वास्थ्य एवं आध्यात्म से जोड़ता है चैत्र नवरात्र



चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म में आध्यात्मिक शुद्धि, शक्ति पूजा और नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जो मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करती है। यह वसंत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में संक्रमण का समय है, जो उपवास और सात्विक भोजन के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**प्राचीन काल से ही नवरात्रि का विशेष महत्व-**
**हिंदू नव वर्ष-** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही विक्रम संवत के अनुसार नए हिंदू वर्ष की शुरुआत होती है।
मां दुर्गा के 9 स्वरूप की आराधना- इन नौ दिनों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। राम नवमी नवरात्रि के नौवें दिन (नवमी) भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया जाता है, जो इसे और खास बनाता है।
**घटस्थापना और जवारे-** पहले दिन घटस्थापना (कलश स्थापना) और जवारे (जौ) बोए जाते हैं, जो सुख-समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक हैं।
**आध्यात्मिक और शारीरिक लाभ-** व्रत और पूजा से मानसिक मजबूती, सात्विकता और शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।
**शक्ति की उपासना-** यह मातृशक्ति की पूजा का पर्व है जो समाज में नारी के सम्मान एवं महत्व को प्रदर्शित करता है। चैत्र नवरात्र बुराई पर अच्छाई की जीत और आत्मा को शुद्ध करने का अवसर माना जाता है।

### नवरात्रि पर्व का विधान

नवरात्रि में सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें, मंदिर साफ़ करें और उत्तर-पूर्व दिशा में चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित करें। घटस्थापना (कलश) और जौ बोकर अखंड ज्योत जलाएं। नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ, लाल फूल, चुनरी, श्रृंगार सामग्री अर्पित करें और सात्विक भोग लगाकर सुबह-शाम आरती करें।

### चैत्र नवरात्रि पूजा विधि

कलश स्थापना (घटस्थापना)- पहले दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। मिट्टी के पात्र में जौ बोएं और उस पर जल से भरा कलश (जिसमें सिक्का, सुपारी, आम के पत्ते हों) स्थापित करें।
**चौकी स्थापना-** चौकी पर माता दुर्गा की तस्वीर/मूर्ति रखें। मूर्ति को लाल चुनरी ओढ़ाएं और लाल फूल (जैसे गुलाब या गुड़हल) अर्पित करें।
**अखंड ज्योत-** कलश के पास अखंड दीपक या सुबह-शाम का दीपक जलाएं। प्रतिदिन गणेश जी और माता दुर्गा का पूजन करें। धूप, दीप, और चंदन लगाकर तिलक करें। कलावा (मौली) चढ़ाएं।
**भोग और प्रसाद-** मां को हर दिन अलग-अलग सात्विक भोग (मिठाई, फल) लगाएं। पान में लौंग-इलायची रखकर अर्पण करना बहुत शुभ माना जाता है।
**पाठ और आरती-** दुर्गा सप्तशती का पाठदुर्गावली महिमा या च? दुं दुर्गायै नमःज मंत्र का जाप करें। अंत में सुबह-शाम कपूर से आरती करें। अष्टमी या नवमी को कन्या पूजन करें, उन्हें भोजन कराएं और उपहार देकर विदा करें।
**नवरात्र के महत्वपूर्ण नियम-** नौ दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करें और सात्विक भोजन करें। घर में क्लेश या क्रोध न करें। कलश को नौ दिनों तक अपनी जगह से न हटाएं। मां दुर्गा के नौ रूप (नवदुर्गा) शक्ति, चेतना और जीवन के विभिन्न चरणों का प्रतीक हैं, जो ज्ञान, संयम, साहस, और मोक्ष प्रदान करते हैं। नवरात्रि में इनकी पूजा से शारीरिक ऊर्जा, मानसिक शांति और नकारात्मकता का नाश होता है। ये रूप सृजन से लेकर संहार तक की दिव्य शक्ति को दर्शाते हैं

### नवदुर्गा के नौ रूपों का महत्व

**मां शैलपुत्री (पहला दिन)-** दृढ़ता, समर्पण और हिमालय की पुत्री के रूप में शक्ति का प्रतीक, जो स्थिरता लाती हैं।
**मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन)-** तपस्या, त्याग और ज्ञान की देवी, जो अनुशासन और वैराग्य सिखाती हैं।
**मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन)-** शांति और साहस का प्रतीक, जो भय का नाश करती हैं।
**मां कूष्मांडा (चौथा दिन)-** ब्रह्मांड की रचयिता, जो ऊर्जा, प्राणशक्ति और सकारात्मकता प्रदान करती हैं।
**मां स्कंदमाता (पांचवां दिन)-** ममता और ज्ञान की देवी, जो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती हैं।
**मां कात्यायनी (छठा दिन)-** कात्यायनी देवी आज्ञा चक्र की स्वामिनी, जो शत्रुओं का नाश करती हैं और धर्म की स्थापना करती हैं।
**मां कालरात्रि (सातवां दिन)-** दुष्टों का विनाश करने वाली, जो निडरता और अंधकार से मुक्ति देती हैं।
**मां महागौरी (आठवां दिन)-** पवित्रता और निष्कपटता का प्रतीक, जो मोक्ष प्रदान करती हैं।
**मां सिद्धिदात्री (नौवां दिन)** सभी सिद्धियों की दाता, जो ज्ञान, कुशलता और विजय प्रदान करती हैं।

इन नौ रूपों की पूजा करने से भक्तों को जीवन की हर कठिनाई से ल?ने की मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों (नवदुर्गा) की पूजा और उनके विशिष्ट बीज मंत्रों का जाप करने से शक्ति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। मुख्य बीज मंत्र च्च? ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चेज्ञ है, जबकि प्रत्येक देवी के लिए अलग-अलग बीज मंत्र (जैसे ह्रीं, क्लीं, श्रीं) का प्रयोग किया जाता है।

नौ देवियों के बीज मंत्र
माँ शैलपुत्री- ह्रीं शिवायै नमः
माँ ब्रह्मचारिणी- ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः
माँ चन्द्रघण्टा- ऐं श्रीं शक्तयै नमः
माँ कूष्मांडा- ऐं ह्रीं देव्यै नमः
माँ स्कंदमाता- ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः
माँ कात्यायनी- क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः
माँ कालरात्रि- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः
माँ महागौरी- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः
माँ सिद्धिदात्री- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः
मां दुर्गा का मूल मंत्र- दुं दुर्गायै नमः है
नवार्ण मंत्र- ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।
जाप विधि- इन मंत्रों का जाप रुद्राक्ष की माला से सुबह-शाम करना उत्तम माना जाता है। जाप के लिए लाल आसन का प्रयोग करें।

### आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का विकास

नवरात्र पर शक्ति आराधना करने से व्यक्ति की आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है, मानसिक शक्तियां एवं उर्जा सकारात्मक होती है अतः हम सभी को शक्ति की आराधना एवं अपनी शक्ति के अनुसार नवरात्र के व्रत एवं पूजन अवश्य करना चाहिए। जय माता दी।



**डॉ.विनीता पाण्डेय विनीत**
**वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद्**

# सोशल मीडियाः अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या भ्रम की दुनिया

वर्तमान समय में सोशल मीडिया केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव सोच, व्यवहार और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली एक शक्ति बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और व्हाट्सएप जैसे मंचों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को एक नया आयाम दिया है, जहां हर व्यक्ति अपनी आवाज़ को वैश्विक स्तर पर पहुंचा सकता है। किन्तु इस आभासी स्वतंत्रता के पीछे एक गहरा मनोवैज्ञानिक और सामाजिक द्वंद्व भी छिपा हुआ है। सोशल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बना दिया है, जहां अब केवल कुछ संस्थानों तक ही सूचना सीमित नहीं रहती, बल्कि हर व्यक्ति सूचना का निर्माता और प्रसारक बन गया है। यह परिवर्तन जहां एक ओर सशक्तिकरण का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यह 'सूचना अराजकता' को भी जन्म देता है। सत्य और असत्य के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है, जिससे समाज में भ्रम और अविश्वास बढ़ रहा है। सबसे गंभीर प्रभाव मानव मन पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया एक ऐसी दुनिया प्रस्तुत करता है, जो वास्तविकता से अधिक आकर्षक और परिपूर्ण दिखाई देती है। इस आभासी तुलना की प्रवृत्ति ने लोगों के आत्मविश्वास को कमजोर किया है और उन्हें निरंतर असंतोष की स्थिति में डाल दिया है। व्यक्ति अपने वास्तविक जीवन से अधिक आभासी छवि को संवारने में व्यस्त हो गया है, जिससे उसकी पहचान बाहरी मान्यता पर निर्भर होती जा रही है। इसके अतिरिक्त, एल्गोरिद्म-आधारित सामग्री व्यक्ति को उसी प्रकार की जानकारी दिखाती है, जो उसकी सोच से मेल खाती है। इससे 'विचारों का संकुचन' उत्पन्न होता है, जहां व्यक्ति केवल एक ही दृष्टिकोण को सत्य मानने लगता है और अन्य विचारों के प्रति असहिष्णु हो जाता है। यह स्थिति सामाजिक विभाजन और वैचारिक टकराव को बढ़ावा देती है। फिर भी, सोशल मीडिया को पूर्णतः नकारात्मक नहीं कहा जा सकता। यह सामाजिक आंदोलनों, जन-जागरूकता और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ है। अतः समस्या माध्यम में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के तरीके में निहित है। अंततः यह स्पष्ट है कि सोशल मीडिया एक दोधारी तलवार के समान है, जो हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तो देता है, परंतु साथ ही हमारी सोच और मानसिकता को भी प्रभावित करता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इसके उपयोग में विवेक, संतुलन और आत्म-जागरूकता बनाए रखें, ताकि यह साधन हमारे विकास का कारण बने, न कि बंधन का।

**-राहुल सोनी**

# आन लाइन डकैती का युग (व्यंग्य)

**सुरेश विचित्र जबलपुर**



ऑनलाइन डकैती का युग आ गया है। अब डकैती भी हाईटेक हो गई है। वह जमाना रवाना हो गया जब डकैतों को जंगलों और बीहड़ों में रहना पड़ता था। बीहड़ों में अपना समय बिताना पड़ता था। दर-दर की ठोकरें खाना पड़ती थी। जहां जाते थे वहीं कक्कड़ भर्ता बनाकर खाते थे और शराब वगैरह पीकर कहीं भी पड़े रहते थे। डकैतों में बड़े स्तर के डकैत भी होते थे उनके खाने-पीने की व्यवस्थाएं कुछ लोग कर दिया करते थे इनके जलवा हुआ करते थे। लेकिन छोटे स्तर के जो डकैत हुआ करते थे वह तो बेचारे मारे मारे फिरते थे। भेड़ बकरियों का दूध पीने को मिल जाता था। कोई पूछने वाला भी नहीं रहता था। किसी के यहां जाकर आटा ले आते थे, या किसी को धौंस देकर उससे खाना बनवा लेते थे और खाते थे। पुलिस के डर से हमेशा चलायमान रहते थे। एक जगह रुकते नहीं थे। उस समय पुलिस पीछा करती थी, मुठभेड़ भी करती थी। और उन्हें मरती भी थी। पुलिस को भी ईनाम मिल जाता था। और कई दफा लूटा हुआ सामान भी, वापस मिल जाता था, ! तब यह सब बातें अलग थी! आजकल तो अपराधियों से दोस्ती भी हो जाती है। जवाबदार भी उसमें शामिल हो जाते हैं ? कुछ कहा नहीं जा सकता आजकल की स्थिति के बारे में। सब मौसेरे भाई हो जाते हैं,,! दशा देखकर एक गीत याद आता है- देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान।

आजकल समय बदल गया है। इसलिए डकैती का तरीका भी बदल गया है,,? ऑनलाइन डकैती इतनी सरल हो गई है कि अभी तक वह पुलिस के पल्ले भी नहीं पड़ रही है, और ना ही सरकार उसके बारे में कुछ ठोस कदम उठा पाई है। किसी के पल्ले ही नहीं पड़ रहा है क्या किया जाये,,,! कभी कभार कुछ नौसिखिया पकड़े जाते हैं। क्योंकि कहीं न कहीं उनके द्वारा ऑनलाइन डकैती करने में कुछ गड़बड़ी कर दी जाती है और वह धराये जाते हैं। पकड़ने वाले अपनी फोटो अखबार में छपवाकर वाहवाही लूटते हैं। लुटने वाले चक्कर लगाते रहते हैं,चाय नाश्ता कराते रहते हैं। इस उम्मीद में कि उनका धन वापस मिल जाये। शोधकर्ताओं के द्वारा एक बात जरूर निकाल कर आई है कि ज्यादातर अनपढ़ लोग ही इस व्यवसाय में शामिल है।जो आन लाइन डकैती में पारंगत हैं। कुछ गांव, शहर, राज्य भी चिन्हित हो गये है, जहां इनका बड़ा कुनवा काम में लगा है। अच्छे खासे पढ़े लिखे रिटायर आफीसरों से उनके बैंक खातों में रखे पैसा अपने खाते में ट्रांसफर करा लेना बहुत सहज काम नहीं है, मगर यह काम पढ़े लिखे लोग नहीं,, कम पढ़े लिखे लोग बहुत चतुराई और सतर्कता से कर लेते हैं। और पढ़ें लिखे हाथ मलते रह जाते हैं। पुलिस के चक्कर लगाते रहते हैं। नतीजे ज्यादातर शून्य ही होते हैं। मतलब डकैतों द्वारा लूटा गया उनका पैसा वापस मिलना बहुत ही कठिन काम हो जाता है। अखबारों में आए दिन आनलाइन डकैती, मोबाइल डकैती, एटीएम डकैती, डिजिटल एरेस्ट के समाचार पढ़ने को मिलते रहते है और ज्यादातर इसमें पढ़े लिखे लोग ही शिकार हो रहे हैं। मित्र कह रहे थे बेरोजगारों ने अपना रोजगार ढूंढ लिया है।स्वाबलम्बी बनने की ओर बढ़ते कदम है।

# चहचहाती दुनिया



**अन्विता गांव में पली-बढ़ी थी।** दसवीं कक्षा तक उसने गांव के ही सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की थी। गांव का वातावरण उसके लिए केवल रहने का स्थान नहीं था, बल्कि जीवन की एक मधुर अनुभूति था। चारों ओर खुला आसमान, स्वच्छ हवा, खेतों की हरियाली और पक्षियों की चहचहाहट-यही उसकी दुनिया थी।उसका घर भी गांव की उसी सादगी और प्रकृति के सौंदर्य से भरा हुआ था। घर का आंगन बहुत बड़ा और खुला था, जैसा कि आमतौर पर गांवों में होता है। आंगन के सामने दो-तीन खेजड़ी के पेड़ खड़े रहते, जिनकी छाया में अक्सर गाय और भैंस बंधी रहतीं थीं। पास ही एक सुंदर गुलमोहर का भी पेड़ था, जो गर्मियों में लाल फूलों से लद जाता था। दाड़िम और नींबू के पेड़ भी घर के आसपास लगे हुए थे। इन पेड़ों पर दिनभर पक्षियों का मेला लगा रहता।अन्विता के पिताजी खेती करते थे और घर में एक गाय व एक भैंस भी रखते थे। शाम को जब वे खेतों से लौटते तो ढोरों के लिए हरा-चारा साथ लेकर आते। उस समय पूरे घर में एक अलग ही सुकून भरा माहौल बन जाता। गर्मियों के दिनों में खुले आंगन में कूलर और पंखा लगाकर सोना, तारों भरे आकाश को निहारना और ठंडी हवा का आनंद लेना-ये सब अन्विता के बचपन की अनमोल यादें थीं।

वहां न मच्छरों की समस्या थी, न ही मक्खियों का कोई झंझट।घर के आंगन में एक तरफ पक्षियों के लिए एक छोटा-सा चबूतरा भी बना हुआ था। यह चबूतरा जैसे पक्षियों का भोजनालय था। कभी उसके पिताजी, कभी माताजी और कई बार स्वयं अन्विता वहां पक्षियों के लिए दाना और पानी रखती थी। सुबह होते ही उस चबूतरे पर पक्षियों का मेला लग जाता। तोते, मैना, कबूतर, गौरैया, कौए और कई बार मोर भी वहां आ जाते।अन्विता और उसके माता-पिता सुबह-सुबह चाय पीते, अखबार पढ़ने हुए आधा घंटा, कभी-कभी तो उससे भी ज्यादा समय तक चबूतरे पर पक्षियों की अठखेलियां देखते रहते। पक्षियों की चहचहाहट से घर का वातावरण जीवंत हो उठता। ऐसा लगता मानो प्रकृति स्वयं आकर उनके आंगन में बस गई हो।घर में तीन पक्के कमरे थे और पशुओं के लिए दो कच्चे मकान बने हुए थे। उन कच्चे मकानों की दीवारों और छतों में गौरैयों ने अपने स्थायी घोंसले बना लिए थे। धीरे-धीरे अन्विता का घर सचमुच गौरैयों का घर बन गया था। अन्विता स्वयं पक्षी प्रेमी थी। उसे विशेष रूप से गौरैया से बहुत लगाव था। इतना लगाव कि उसने अपने घर के चौबारे में आठ-दस छोटे-बड़े घोंसले बना दिए थे, ताकि गौरैया सुरक्षित रह सकें। सुबह और शाम सैकड़ों गौरैया वहां आती-जाती दिखाई देतीं। उनकी चहचहाहट से पूरा घर गूंज उठता। कई गौरैया तो इतनी अभ्यस्त हो गई थीं कि वे अन्विता से डरती भी नहीं थीं। जब वह दाना डालती तो वे उसके बिल्कुल पास आकर चुगने लगतीं। कभी खाना खाते समय उसके पिताजी और कभी स्वयं अन्विता रोटी का एक छोटा-सा टुकड़ा गौरैयों की ओर फेंक देती।

वह दृश्य अन्विता को अत्यंत प्रिय था। उसे लगता जैसे ये नन्हीं चिड़ियां उसकी सच्ची सहेलियां हों।समय के साथ पढ़ाई आगे बढ़ी और बारहवीं कक्षा के लिए अन्विता को शहर जाना पड़ा। वहां उसे एक छात्रावास में रहना पड़ा। यह उसके जीवन का पहला अवसर था जब वह गांव से दूर रह रही थी। शहर का वातावरण उसके लिए बिल्कुल अलग था। ऊंची-ऊंची इमारतें, भीड़भाड़, वाहनों का शोर और धुएं से भरी हवा। छात्रावास भी पुराना था और उसमें लगभग डेढ़-दो सौ लड़कियां रहती थीं। शुरू-शुरू में अन्विता का मन वहां पर बिल्कुल भी नहीं लगता था। उसे गांव की हर चीज याद आती-खुला आंगन, पेड़ों की छाया, माता-पिता का स्नेह और सबसे बढ़कर गौरैयों की चहचहाहट। छात्रावास में न तो वह खुलापन था और न ही गांव घर वाली सी पक्षियों की वह मधुर और सुंदर दुनिया। छात्रावास की अधिकांश लड़कियां गौरैया और अन्य पक्षियों से परेशान रहती थीं। उन्हें लगता कि पक्षी शोर करते हैं और जगह-जगह गंदगी फैला देते हैं। जब भी कोई गौरैया खिड़की या बरामदे में आ जाती, लड़कियां उन्हें भगाने लगतीं। अन्विता को यह सब अच्छा नहीं लगता था। अन्विता के लिए यह दृश्य बिल्कुल अलग ही था। वह जब भी किसी गौरैया को देखती, उसके चेहरे पर मुस्कान आ जाती। उसे अपने गांव की यादें घेर लेतीं। एक दिन उसने पुस्तक में पढ़ा कि गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है और यह पक्षी संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हो चुका है। यह पढ़कर वह बहुत चिंतित हो गई। उसके मन में विचार आया कि यदि समय रहते प्रयास नहीं किए गए तो कहीं ऐसा न हो कि जैसे गिद्ध लगभग विलुप्त हो गए, वैसे ही गौरैया भी गायब हो जाए।उसी दिन उसने अपने मन में एक संकल्प लिया-गौरैया को बचाने के लिए वह कुछ न कुछ अवश्य करेगी। उसने अपनी एक अध्यापिका से इस विषय पर गहन चर्चा की। अध्यापिका ने उसके विचारों की सराहना की और उसे एक सामाजिक संस्था (एनजीओ) से संपर्क करने की सलाह दी। उस संस्था के लोग पक्षियों के संरक्षण के लिए काफ़ी समय से काम कर रहे थे।

अन्विता ने अपने छात्रावास से ही इस अभियान की शुरुआत की। उसने छात्राओं को समझाया कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। धीरे-धीरे कुछ छात्राएं उसकी बातों से प्रभावित होने लगीं।उसने छात्रावास के परिसर में छोटे-छोटे घोंसले लगवाए और पानी के पात्र भी रखवाए। हास्टल वार्डन और अध्यापिका की सहायता से शहर के भामाशाहों और दानदाताओं से संपर्क कर उसने और भी घोंसले और दाना-पानी के पात्र(पानी के परिंडे व चुग्गा-पात्र) बनवाए। शहर के कई पार्कों, विद्यालयों और घरों में भी यह अभियान फैलने लगा। कुछ ही महीनों में परिणाम दिखाई देने लगे। जहां पहले बहुत कम गौरैया दिखाई देती थीं, वहां अब फिर से उनकी चहचहाहट सुनाई देने लगी। जब भी कोई गौरैया घोंसले में आती-जाती दिखती, अन्विता के चेहरे पर वही बचपन वाली खुशी लौट आती। उसे लगता जैसे उसने अपने गांव का एक छोटा-सा हिस्सा शहर में फिर से बसा दिया हो। अब लोग उसे प्रेम से गौरैया वाली अन्विता कहने लगे थे। अन्विता को इससे बड़ी कोई खुशी नहीं थी। उसे विश्वास था कि यदि हर व्यक्ति प्रकृति और पक्षियों के प्रति थोड़ा-सा प्रेम और जिम्मेदारी दिखाए, तो धरती हमेशा चहचहाती रहेगी।

**(सुनील कुमार महला, पिथौरागढ़, उत्तराखंड )**

# बरखेड़ा, चौका, मिडघाट और बुधनी स्टेशनों पर बढ़ेगी सुरक्षा

## डीआरएम ने किया निरीक्षण

भोपाल, यश भारत ।

**पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने शुक्रवार को रानी कमलापति-बुधनी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान बरखेड़ा, चौका, मिडघाट एवं बुधनी रेलवे स्टेशनों का भी व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण का उद्देश्य रेल संचालन की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता का आकलन करना रहा। डीआरएम ने ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुल-पुलियों, रेलवे क्रॉसिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए।





रेलवे के अधिकारीयों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

मिडघाट और बुधनी जैसे घाट सेक्शन में ट्रैक की स्थिति, ढलान वाले क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों और ट्रेन संचालन की सतर्कता पर विशेष ध्यान दिया गया। डीआरएम ने कहा कि घाट सेक्शन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यहां अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है।
निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं जैसे प्लेटफॉर्म की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सूचना प्रणाली का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आवश्यक सुधार शीघ्र किए जाएं।
इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएपी ने राज्यसभा चुनाव में ठोकी दावेदारी, - आदिवासी प्रतिनिधित्व के लिए मांगा समर्थन

भोपाल यश भारत।

मध्यप्रदेश में होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भारत आदिवासी पार्टी बीएपी ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के संकेत दिए हैं। पार्टी के एकमात्र विधायक कमलेश्वर डोडियार ने साफ कहा है कि बीएपी राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। रतलाम जिले की सैलाना सीट से विधायक डोडियार ने बताया कि प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होना है और उनकी पार्टी भी इसमें भागीदारी चाहती है। उन्होंने कहा कि भले ही वे प्रदेश में बीएपी के अकेले विधायक हैं, लेकिन आदिवासी समाज की आवाज को संसद के उच्च सदन तक पहुंचाने के लिए पार्टी गंभीर है। डोडियार ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ही दल आदिवासी क्षेत्रों में उनके हितों की बात करते हैं, लेकिन अब वक्त है कि इस वर्ग को वास्तविक प्रतिनिधित्व दिया जाए। उन्होंने दोनों प्रमुख दलों से अपील की कि तीन में से एक सीट पर बीएपी को समर्थन दें, ताकि आदिवासी समाज की आवाज राज्यसभा में पहुंच सके।

## माता-पिता और गुरु को प्रणाम करने से बदलता है भाग्य

आष्टा, यशभारत ।

नव संवत्सर एवं गुड़ी पड़वा के अवसर पर प्रभु प्रेमी संघ द्वारा मानस भवन परिसर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की मंगलकामनाएं दीं। भागवताचार्य डॉ. निलिम्प त्रिपाठी ने कहा कि माता-पिता और गुरु को प्रणाम करने से व्यक्ति का भाग्य बदलता है। उन्होंने चरित्र को मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति बताते हुए कहा कि मधुर वाणी और पवित्र आचरण से ही सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर प्रकृति के साथ समरस होने का विज्ञान है और मनुष्य का जीवन मिट्टी से जुड़कर ही सार्थक होता है। दूसरों के जीवन में आनंद भरने से ही परमात्मा प्रसन्न होते हैं।



गुड़ी पड़वा-नवसंवत्सर पर किया गया धार्मिक आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वजारोहण, स्वामी अवधेशानंद गिरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विधिवत गुड़ी पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया।
भजन संध्या में राम श्रीवादी, शिव श्रीवादी, नर्मदा प्रसाद सेन और जीवनदास ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह, कमलसिंह चौहान, रायसिंह मेवाड़ा, नरेंद्र कुशवाह, भूरू मुकाती, सुरेश पालीवाल, कैलाश परमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## भगवान झूलेलाल के जयकारों से गुंजायमान रहा नगर

**आष्टा, यशभारत।** सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल के 1076वें जन्मोत्सव एवं चेती चांद के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा परिसर में आरती और अभिषेक से हुई। भगवान झूलेलाल को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर बैंड-बाजों और जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराने सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पहुंची, जहां सकल हिंदू समाज ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान नरेंद्र कुशवाह ने श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। सुशील भोजवानी, रणजीत अरोरा सहित समाज के कई पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। संचालन मनीष डोंगरे ने किया।





## एलटीटी-बनारस- एलटी टी के मध्य द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

नर्मदापुरम, यशभारत।

रेलवे द्वारा आगामी समर पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01073/01074 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि- साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। एलटीटी-बनारस -एलटीटी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन- गाड़ी संख्या 01073 एलटीटी से बनारस स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 01 अप्रैल से 09 अप्रैल 2026 तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (बुधवार एवं गुरुवार) लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात्रि 23:45 बजे, पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 01:10 बजे, बीना सुबह 07:55 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए रात्रि 23:30 बजे बनारस स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01074 बनारस से एलटीटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 03 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 17 अप्रैल से 02 मई 2026 तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (शुक्रवार एवं शनिवार) बनारस स्टेशन से प्रातः 05:30 बजे प्रस्थान कर बीना रात 22:25 बजे, पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 01:05 बजे, इटारसी 02:40 बजे पहुंचकर और शाम 16:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस[स्टेशन पहुँचेगी।

## खाली भूखंड में बने छप्पर में अचानक लगी आग, दमकल पहुंची आग पर काबू

नर्मदापुरम/इटारसी, यशभारत।

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र भारत टॉकीज के सामने स्थित बसाहट वाले मार्ग पर शुक्रवार की रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक खाली भूखंड में बने छप्पर में अचानक आग लग गई। घटना रात लगभग 11:15 बजे की है। घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के कारण आग की लपटें देख आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि उक्त खाली भूखंड पर पिछले कुछ समय से कुछ मजदूरों ने अपना छप्पर डाल रखा था और वहीं निवास कर रहे थे। शुक्रवार रात अचानक छप्पर से आग की लपटें उठने लगीं। गनीमत रही कि जैसे ही आग भड़की, तत्काल इसकी सूचना नगर पालिका और पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंच गई। संकरी गली और आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण खतरा काफी बड़ा था, लेकिन दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि आग पर काबू पाने में थोड़ी भी देरी होती, तो आसपास के मकानों तक आग पहुंच सकती थी, जिससे बड़ी जनहानि या आर्थिक नुकसान हो सकता था।



इस तरह लगी खाली भूखंड में आग

## चेती चांद पर निकला भव्य जुलूस, नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

**आष्टा, यशभारत।** सिंधी पंचायत के तत्वावधान में भगवान झूलेलाल के 1076वें प्रकाश पर्व चेती चांद पर नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। बड़ा बाजार क्षेत्र में कैलाश परमार एवं उनके साथियों ने जुलूस का स्वागत किया। श्रद्धालुओं को भगवा दुपट्टे पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि भगवान झूलेलाल सिंधी समाज की आस्था के केंद्र हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी समाज को एकता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सिंधी समाज ने अपने परिश्रम और त्याग से देश निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जुलूस का नेतृत्व सुशील भोजवानी, रणजीत अरोरा और मनोहर भोजवानी ने किया।



झूलेलाल जयंती पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को किया सम्बोधित

## संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का संदेश देता है पर्व

भोपाल, यश भारत।

रवींद्र भवन में आयोजित झूलेलाल जयंती एवं चेती चंद महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को चेती चंद, नववर्ष और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल सिंधी समाज तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश में विभिन्न रूपों में नववर्ष के रूप में मनाया जाता है, जैसे गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत और नवरोज।
मुख्यमंत्री ने सिंधी समाज की परंपराओं को समृद्ध और गौरवशाली बताते हुए भगवान झूलेलाल के माध्यम से जल और वरुण देव की उपासना की परंपरा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा प्रकृति के प्रति आस्था और संतुलन का संदेश देती है।
डॉ. यादव ने इतिहास में सिंधी समाज के योगदान को रेखांकित करते हुए राजा दाहिर सेन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कलानी को याद किया। उन्होंने कहा कि विभाजन के कठिन दौर में भी सिंधी समाज ने अपने परिश्रम और संकल्प से नई पहचान बनाई और व्यापार, साहित्य व सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज के लोग नक्षत्र मंडल की तरह हर क्षेत्र में चमक रहे हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं का उल्लेख करते हुए समाज के राष्ट्रीय योगदान को भी सराहा। साथ ही समाज की एकजुटता को और मजबूत करने के लिए केंद्रीय पंचायत के साथ प्रदेश स्तर पर पंचायत व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई।

# आयोलाल झूलेलाल के जयकारों से गूंजा संतनगर

## सामूहिक मुंडन संस्कार जगह-जगह भंडारे हुए

हिरदाराम नगर, यशभारत

वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती चैतीचंड पर उपनगर संतनगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 'आयोलाल झूलेलाल' के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र सिंधी संस्कृति के रंगों में रंगा नजर आ रहा है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।
संतनगर स्थित मुख्य झूलेलाल मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में वेदांत संत लाल साईं और क्षेत्रीय भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने शिरकत की। उन्होंने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के सम्मुख मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि 'हमारी संस्कृति और संस्कार ही हमारी पहचान हैं। हमें अपने बच्चों को विवाह के पश्चात इष्ट देवता के मंदिर अवश्य ले जाना चाहिए और उन्हें भगवान झूलेलाल जी के जीवन व उनके चमत्कारों के बारे में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। '



## धार्मिक अनुष्ठान और मुंडन संस्कार

महोत्सव के दौरान विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। संतनगर के झूलेलाल मंदिर में सामूहिक मुंडन संस्कार की रस्म भी पूरी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में परिवारों ने अपने नन्हे बच्चों का मुंडन कराया। झूलेलाल कल्याण मंडल में 'सुखो सेसा' (प्रसाद) वितरित किया गया और पारंपरिक 'छेज' (सिंधी लोक नृत्य) का आयोजन हुआ, जिसमें युवक-युवतियों ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया।

## जगह-जगह स्वागत और भंडारा

उत्सव के चलते मुख्य मार्ग पर जगह-जगह भव्य मंच लगाए गए हैं। इन मंचों से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को फल, शरबत और विशेष प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। झूलेलाल कल्याण मंडल द्वारा विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

## अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियां तेज, प्रादेशिक बैठक में रूपरेखा तय

**भोपाल यश भारत ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को तुलसी नगर स्थित आजाक भवन में प्रादेशिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जैन मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही, क्योंकि प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में यह पहली बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जयंती समारोह को भव्य और व्यापक स्तर पर मनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन, कार्यक्रमों की रूपरेखा, रैली, संगोष्ठी और सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनकी जयंती केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है।

### साधु वासवानी स्कूल में चैतीचांद पर कार्यक्रम

## बच्चों ने लिया सिंधी भाषा के संरक्षण का संकल्प

हिरदाराम नगर, यशभारत

साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में चेटीचंड (नूतन वर्ष) का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान वरुण देव झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी और मुख्य अतिथि वासुदेव वाधवानी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और सभ्यता को याद रखना अनिवार्य है। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और सिंधी होने पर गर्व करने का आह्वान किया।
इस दौरान विशिष्ट अतिथियों ने सिंधी भाषा के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को घर में सिंधी बोलने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और छात्रों ने 'सिंधीयन जो आयो नयो साल' जैसे गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रा निहारिका ने भगवान झूलेलाल को राष्ट्रीय एकता और प्रेम का प्रतीक बताया। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या सुतपा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पल्लव और छेज (पारंपरिक नृत्य) के साथ प्रसाद वितरण करके किया गया।





## 22 मार्च को आयोजित होगी सिंधी मैराथन

हिरदाराम नगर, यशभारत

सिंधी मेला समिति द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव और शहीद हेमू कालानी, भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस की स्मृति में 22 मार्च को एक भव्य सिंधी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि यह दौड़ सुबह 5 बजे लालघाटी स्थित सनसिटी गार्डन से प्रारंभ होगी। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना और उनमें देशभक्ति की भावना भरना है। मैराथन में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं और प्रतिभागियों को टी-शर्ट भी प्रदान की जाएगी। दौड़ के अलावा युवाओं के लिए 45 मिनट का विशेष जुंबा डांस सेशन भी रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवान दास सबनानी मौजूद रहेंगे, जो हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत करेंगे।

### सिंधु सेना के कार्यक्रम में मोहित लालवानी की सुरमई शाम

## हा माँ सिंधी आहिया पर खूब झूमा सिंधी समाज

हिरदाराम नगर, यशभारत

चेटीचंड के पावन अवसर पर भोपाल के स्वागत गार्डन में 'सिंधु सेना' द्वारा आयोजित 'एक शाम सिंधियत के नाम' कार्यक्रम में सिंधी समाज का भारी सैलाब उमड़ा। इस अंतरराष्ट्रीय लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड सिंगर मोहित लालवानी ने अपनी सुरीली प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की 'बहराणे साहिब' की पूजा-अर्चना और डमरू वादकों द्वारा की गई भव्य महाआरती से हुई। जैसे ही मोहित लालवानी ने 'हा माँ सिंधी आहिया' गाने के साथ मंच संभाला, वहां मौजूद करीब 7,000 से अधिक लोगों ने तालियों और 'जय झूलेलाल' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। लगभग ढाई घंटे तक चले इस कार्यक्रम में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी सिंधी गीतों पर झूमते नजर आए।



इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी और जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने समाज को चेटीचंड की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा को सफल आयोजन की बधाई देते हुए सिंधी समाज की एकता और भाईचारे की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों जैसे रवि आनंद (समाज सेवा), हरीश नाथानी (कला) और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स प्रिया सधवानी, चित्रा कीर्ति वाधवानी व भक्ति माखीजा को सम्मानित भी किया गया।

# उपेक्षा: प्राचीन रामसागर तालाब के घाटों में जलकुंभी का मकड़जाल

## जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सात सौ साल पहले खोदा गया था तालाब**

गोसलपुर, यशभारत। सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाली बड़ी पंचायत में शामिल ग्राम पंचायत गोसलपुर के बस स्टैंड के नजदीक स्थित लगभग सात सौ वर्ष पहले खोदे गए प्राचीन रामसागर तालाब जो कीलगभग सोलह एकड़ के भूभाग में फैला हुआ है उक्त रामसागर तालाब कभी गोसलपुर व आसपास के आधा सैकडा गांवो के निवासियों के लिए जीवंत जल स्रोत का एक बड़ा माध्यम था इसी तालाब मे किसान अपने मवेशियों को नहलाते थे पानी पिलाते थे खेतो की सिंचाई तक करते थे ग्रामीण अपनी दैनिक दिनचर्या की जल से जुड़ी जरूरत को इसी तालाब से पूरा करने के लिए निर्भर रहते थे इसका शुद्ध जल इतना मीठा था की इसी के पानी से महिलाएं अपने रसोई का खाना पकाती थी इस तालाब में गोसलपुर क्षेत्र के हर वृद्ध किशोरयुवा की बचपन की यादें जुड़ी हैं सभी का बचपन इसी तालाब में गुजरा है जो आज जिम्मेदारों कीअसंवेदनशीलता व देखरेख केअभाव में प्राचीन रामसागर तालाब के घाट वाले क्षेत्र में चारों तरफ जलकुंभी का मकडजाल फैला हुआ है आपको बता दें की रामसागर तालाब गोसलपुर सहित दर्जन भर गांव में एकअपनी विशेष पहचान रखता हैइस तालाब के



निर्माण को लेकर अनेक प्राचीन किबदंतिया किस्सा कहानी बुजुर्गों के मुख से सुनने को मिलती हैं बुजुर्ग बताते हैं की बाबा रामदास तीन घरों से भिक्षा मांग कर इस तालाब को खुदवाते थे इस तालाब के सात घाटो के तट पर बने पुराने मंदिर घाट मे लगा पीपल का वृक्ष कदम का वृक्ष और राधा कृष्ण कुटी मंदिर शिवघाट में शंकर जी का मंदिर तालाब के मध्य पानी के अंदर बना कच्छप भगवान का मंदिर तालाब के किनारे स्थित प्राचीन धरोहरो के अवशेष निश्चित रूप से इस प्राचीन व ऐतिहासिक रामसागर तालाब की गौरव गाथा याद दिलाते है आपको बता दें की इस रामसागर तालाब का पूरा हिस्सा पिछले तीन-चार सालों से गर्मी शुरू होते ही सूख जाता था और यह तालाब सूखने के बाद बच्चों के लिए खेल का मैदान बन जाता थातालाब के सूखते ही गोसलपुर मे घोर जल संकट दिखने लगता था पिछले दो सालों से जनसेवा समिति के अथक प्रयासों से गोसलपुर कीशंकर कॉलोनी के पीछे स्थित खदान से व्यर्थ मे बहाये जाने वाले पानी को तालाब में छोड़ने के कारण तालाब पानी से भर जाता है परंतु इस तालाब में साफ सफाई और गहरीकरण के अभाव के चलते एवं सीधे नाला नालियों का गंदा पानी तालाब में मिलने के कारण बड़ी संख्या में जलकुंभी व अन्य प्रकार की घास शैवाल फैल चुकी है जिससे इस प्राचीन तालाब के अस्तित्वपर संकट दिख रहा है अनेको बार इस तालाब केगहरीकरण के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाई गई परंतु सब पत्राचार तक कार्यवाही सीमित रही जवाबदारों के तरफ से सकारात्मक प्रयास न होने के कारण यह रामसागर तालाब अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है भले ही खदान से पानी छोड़ा जा रहा है परंतु देखते ही देखते तालाब में बड़ी संख्या में जलकुंभी चारों ओर फैली हुई है स्थानीय एक दर्जन घरों के मल मूत्र गंदे पानी के तालाब में आने के कारण तालाब में रहने वाले जलीय जीव जंतुओं पर विपरीत असर पड़ रहा है अनेकों बार इस तालाब के सौंदरीकरण मरम्मत गहरीकरण के लिए शासन प्रशासन को आगाह किया गया परंतु जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते आज वर्तमान स्थिति में रामसागर तालाब का अस्तित्व संकट पर है गौरतलब है की जनसेवा समिति केद्वारा राष्ट्रीय खरपतवार अनुसंधान निदेशालय अधारताल जबलपुर को पत्र लिखकर रामसागर तालाब में फैली जलकुंभी के विनष्टीकरण व समुचित प्रबंधन के लिए पत्र लिखा गया था परंतु इस ओर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया जिससे आज हालात भयाभय निर्मित हो गए हैं तालाब के चारों ओर घाटों में जलकुंभी का मकड़जाल फैला हुआ है जिससे तालाब की सौंदर्यता पर विपरीत असर पड़ रहा है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित, प्रभारी कामता यादव नियुक्त

**कुंडम, यशभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण केअध्यक्ष संजय यादव की अनुशंसा पर कुंडम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन जायसवाल के द्वारा कुंडम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारणी घोषित की गई है जो निम्नानुसार है। कार्यालय प्रभारी कामता यादव कुंडम, सूचना प्रभारी आशीष साहू कुंडम, सह सूचना प्रभारी शुभम साहू कुंडम, प्रिंट मीडिया प्रभारी प्रहलाद झारिया कुंडम, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी जितेंद्र शुक्ला कुंडम, सह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारीअजय बर्मन ( बद्दू ) कुंडम,आई.टी सेल प्रभारी अंकुश पटेल कुंडम, सोशल मीडिया प्रभारी लक्की सोनी बघराजी, संगठन मंत्री नवल सिंह रगड़ पडरिया,प्रचार मंत्री नीरज राय कुंडम, विधि सलाहकार अशोक चौकसे पड़रिया, कोषाध्यक्ष सतीश सोनी कुंडम, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रणव सोनी जी बघराजी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजकुमार साहू जी सूपावारा, ब्लॉक उपाध्यक्ष कोमलवन गोस्वामी जी कल्याणपुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष श्री ओमकार मसराम जी जमोड़ी, ब्लॉक उपाध्यक्ष श्री मुस्कीलाल झारिया जी बडखेरा, नगर अध्यक्ष कुंडम श्री अमन बर्मन जी कुंडम, ब्लाक महासचिव श्रीमती मीराबाई कुशवाहा जी कुंडम, ब्लाक महासचिव श्री महेंद्र विश्वकर्मा (भूरा )जी बघराजी, ब्लाक महासचिव आनंद यादव रानीपुर, ब्लाक महासचिव चेतू सिंह पोर्टे जी झिरमिला, ब्लाक महासचिव श्री गुलाब सिंह परस्ते जी चौरई ,ब्लाक महासचिव श्री सुभाष यादव जी मखरार, ब्लाक महासचिव श्री सरजू कुंजाम जी फिफ़री,ब्लाक महासचिव सुनील यादव नेगई, ब्लाक महासचिव श्री जेपी बर्मन जी कुंडम, ब्लाक महासचिवमदन गोपाल पटवा कुंडम,ब्लाक महासचिव प्रताप पटेल सुनावल, ब्लाक महासचिव श्री जानी भाईजान जी बैरागी ,ब्लाक महासचिव रामफल झारिया लखनवारा,ब्लाक महासचिव सिंह मुस्की लाल बंस्कार कुंडम,ब्लॉक सचिव सुशील धर बढ़गईया जी डबराकलां, ब्लॉक सचिव श्री दुर्गेश गोस्वामी जी पड़रिया,ब्लॉक सचिव श्री कमल सिंह उद्देजी आमाटीटहा, ब्लॉक सचिव श्री लाटोरी लाल झारिया जी भोखादेवरी, ब्लॉक सचिव श्री जवाहरलाल मार्को जी रमपुरीकलां, ब्लॉक सचिव श्री तिवारी सिंह जी सिलपुरा, ब्लॉक सचिव श्री बिहारी सिंह पेर्दो जी हरदुली, ब्लॉक सचिव श्री चंदूलाल काछी जी नारायणपुर, ब्लॉक सचिव श्रीमती रत्तोबाई मरावी जी राम्हेपुरा,ब्लॉक सचिव शेख मुस्तफा जी बैरागी, ब्लॉक सचिव श्री मनीष बर्मन सदाफल, ब्लॉक सचिव कमोद मरावी जी मसूरी कछार, ब्लॉक सचिव देवलाल कुशराम भडरी जी, सलाहकार समिति सदस्य गण- 1श्रीमती दुर्गा धुर्वे ऊईके जी पडरिया,2श्री राजेश सोनी जी बघराजी,3श्री अशोक सिंह जी ठाकुर तिलसानी,4श्री लक्ष्मण समुद्रे जी अमझर, 5सुशील अवस्थी जी अम्हेटा,6श्री राकेश झारिया जी सदाफल,7 संदीप साहू जी,8श्री महेश प्रजापति जी,9 संजय साहू जी सभी कुंडम। विशेष आमंत्रित सदस्य गण 1 नन्हेंलाल धुर्वे जी पडरिया,2 संतोष मिश्रा जी कुंडम,3 हरिशंकर शुक्ला जी कुंडम,4 डॉ संजीव वरकड़े जी लखनवारा,5 राजकुमार सोनी जी बघराजी,6 मनोज सोनीकुंडम,7भोला साहू जी,8 जागेश्वर कछवाहा कुंडम,9रजनीश जायसवाल, 10सुश्री निर्मला मिश्रा जी,11श्रीमतीभागवती बाई कछुवाहा जी कुंडम,12श्री प्रताप सिंह कस्तरा,12श्रीमती संगीता त्रिपाठी जी बघराजी,13मनीष मिश्रा कुंदन जी। ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य गण 1श्री रतन चंद्र कछवाहा जी,2 रंगदार कछवाहा जी,3श्री रामू केशरवानी जी,4श्री पवन कछवाहा जी,5 बंटू साहू,6किशन दुबे जी,7राजू प्रसाद भंडारी ,8विक्रांत कछवाहा ,9 किशन वंशकार,10सलीम भाईजान सभी कुंडम,11श्री बलराम झारिया जी,12श्री संतोष साहू जी,13श्री ओमकार पोर्ते जी सभी चौरई,14 राम मिलन बरकड़े जी बढुआ,15 अर्जुन सिंह धुर्वे जी ववैया,16गोविंद सिंह दरगड,17ओमकार मरावी खाम्हा,18 जनार्दन सिंह सोलंकी झिरमिला,19 सुरेश प्रसाद जी जामगांव, 20 शंकर सिंह सैय्याम जी मोहनी।

# चैत्र नवरात्र की धूम: नगर में हो रहे विविध आयोजन



**पनागर, यशभारत।** शक्ति की आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर पनागर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जोरो से माता रानी का पर्व मनाया जा रहा है नगर की प्राचीन ऐतिहासिक बड़ी खेरमाई सुभाष वार्ड छोटी खेरमाई जयप्रकाश वार्ड देवरी रामवार्ड स्थित प्राचीन खैर मैया मडिया मैं प्रात काल सुबह से ही माता को जल चढ़ानेवालों का टाटा ताता लग जाता है और महिलाएं बच्चियों भक्ति में लीन होकर मैया की पूजा अर्चना में लग जाती है मंदिर की में भक्त जनों द्वारा पूरे दिन भर विभिन्न आयोजन इस समय चल रहे हैं अखंड ज्योति कलश और खबर जवाली की स्थापना भी मंदिरों में की गई है तुम्हारी दिनभर माताएं मां की भक्तों का भी गायन करती हैं संपूर्ण नगर का वातावरण धर्म मय बना हुआ है वहीं रात्रि में भी महा आरती में भी हजारों लोग सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं ।

# तेज रफ्तार का कहर : ओवरब्रिज पर टक्कर, पति की मौत

### पत्नी जिंदगी से जंग में तीन साल की मासूम बाल-बाल बची, अज्ञात वाहन चालक फरार

**सिहोरा।** नेशनल हाईवे-30 स्थित उल्दना ओवरब्रिज पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति को अज्ञात तेज रफ्तार भारी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दंपति की तीन साल की बच्ची इस हादसे में बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रमाकांत नामदेव



(33) पिता जगदीश प्रसाद नामदेव, निवासी ग्राम सनकुई थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी है। उनकी पत्नी रश्मि नामदेव (30) गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि शाम करीब 4:30 बजे रमाकांत अपनी पत्नी के साथ जबलपुर से ग्राम धरवारा किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे उल्दना ओवरब्रिज के पास पहुंचे, सामने से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रमाकांत के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गईं। घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सिहोरा शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रमाकांत को मृत घोषित कर दिया। रश्मि की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संगठन सृजन अभियान : ग्राम कमेटी का गठन

**बेलखाडू , यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार एवं जबलपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बोरिया मंडलम की ग्राम पंचायत मुर्रई में बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष देवेंद्र पटेल युवा कांग्रेस प्रतिनिधि सत्यम सिंह राजपूत सेवादल प्रतिनिधि वीर बहादुर



सिंह बी एल ए ऋषभ जैन संविधान रक्षक रसिक बिहारी उरमलिया छात्र प्रतिनिधि शुभम पटेल एस टी प्रतिनिधि भगवान दास ठाकुर ओबीसी प्रतिनिधि दशरथ यादव एवं समन्वयक रणवीर सिंह राजपूत की सर्वसम्मति से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नेक नारायण द्वारा नियुक्त किए गए बैठक में चंद्र कुमार पटेल जयकुमार राजपूत सुखदेव ठाकुर दशरथ यादव आदि उपस्थित रहे।

## झूलेलाल जयंती पर पनागर में भव्य आयोजन, जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**पनागर।** पूज्य सिंधी पंचायत पनागर (जबलपुर) द्वारा आयोजित भगवान झूलेलाल जी की जयंती चेटीचंड के पावन पर्व पर पनागर स्थित गुरुद्वारा में विधायक सुशील तिवारी इंदु भैया के साथ पार्टी वरिष्ठ लोगों ने सम्मिलित होकर सिंधी समाज के सामाजिक भाई बहनों को चेटीचंड की शुभकामनाएं प्रदान की। इसी तरह रात्रि में विशाल जुलूस नगर भ्रमण हेतु निकला इसमें नगर पालिका की अध्यक्ष प्रदीप पटेल उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती के साथ राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल जैन पार्षद बेड़ी लाल कुशवाहा प्रमोद पटेल तुलसी कुशवाहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश प्रजापति और भी वरिष्ठ जन साथ में थे आप सभी ने शुभकामनाएं दी इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री रमेश रोहरा 'करिया' गोवर्धन खेटपाल, रमेश खेटपाल, महेश कुकरेजा, राजकुमार खत्री, अमित सीतपाल, गुड्डू रोहरा, ताराचंद जसवानी, बलराम दास दासानी, श्री छम्मनलाल हासानी, दिनेश दोहरा, नंदलाल बुधरानी, रमेश खत्री सुरेश कमलानी, रामदास खेटपाल, गुरमुख दास खत्री, राम भोजवानी, मनोहर बुधरानी, रोहित खेटपाल, कन्हैयालाल मांगवानी, आकाश चांदवानी, श्री चंद मंगलानी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित अनेक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सामाजिक पुरुष महिलाओं सहित युवाओं एवं बच्चियों ने भी हर्ष उल्लास के साथ नृत्य करते हुए पूरी नगर में शोभायात्रा निकालते हुए इस पर्व की खुशियां मनाई।

# नशे का जुनून, छुपा कानून: युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

**बरगी नगर, यशभारत।** बरगी नगर क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। नगर के लगभग हर मोहल्ले में पेकारी के माध्यम से शराब और छोटे-छोटे टपरों में गांजा खुलेआम बेचा जा रहा है, जिससे स्थिति चिंताजनक होती जा रही है।हालात यह हैं कि गली-गली में आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं। इसके चलते क्षेत्र की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। वहीं, बीते कुछ समय में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है, जिसे लोग नशे के बढ़ते प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं।इस समस्या को लेकर अभिभावकों और समाज के लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है। उनका कहना है कि नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रही है और समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। समय-समय पर दिखावे के लिए अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन नशे के इस बढ़ते कारोबार पर कोई ठोस और स्थायी रोक नहीं लग पा रही है।

# मिट्टी पूजन कर जल संरक्षण का संकल्प



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रही गतिविधि

**गोसलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहतमध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तहत गठित नवाकुंर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के संयोजन में गोसलपुर स्थित कार्यालय में खेत एवं बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी को एकत्रित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली प्राप्त गतिविधियों के तारतम्य मे मिट्टी सुपोषण अभियान' के अन्तर्गत समिति के सदस्यों के साथ खेत की मिट्टी पूजा कर गौ आधारित, जैविक, प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का संकल्प लिया इस मौके पर संस्था के अध्यक्षदिव्याकर्षण राज त्रिपाठी हेमचंदअसाटी अर्पित चौबे दीपक पटेल राजेंद्र सिंह परिहार विकास यादव रामकेश श्रीपाल आद्या असाटी आदि असाटी उपस्थित थे।

# बारिश से आवागमन हुआ प्रभावित, चारों तरफ लगा जाम



**शहपुरा भिटोनी यश भारत।** झमाझम बारिश से शहपुरा के चारों तरफ से आवागमन प्रवाहित हो चुका है ओवर ब्रिज के टूटने के कारण अस्थाई कच्चा रोड बनाने से थोड़ी पानी गिरने के कारण अनेकों गाड़ियां कीचड़ में फंस गई । जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों कीचड़ के रूप में परिवर्तन हो गया इसी वजह से जाम की स्थिति बनी हुई है जगह जगह जलजमाव हो जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही थी। लोगों को कीचड़ में घुसकर ही आवाजाही करनी पड़ी। जिससे लोगों गिरते उड़ाते अपनी गाड़ी को निकाला है हालांकि एक घंटे की तेज बारिश के बाद यह हाल हुआ अभी और पानी गिरता है आवागमन का पूर्ण साधन बंद हो जाएगा अक्सर सड़कों पर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतार लग हुई है। जिसकी वजह से लोगों को कई परेशानियों का सामना करने के साथ ही अपने गंतव्य तक जाने में देरी हो रही है। हम यहां पर आपको बता रहे हैं कि आखिरकार के दौरान सड़कों पर ट्रैफिक जाम क्यों बारिश के दौरान और बाद में ट्रैफिक जाम लगना एक सामान्य, लेकिन यह गंभीर समस्या शहपुरा बाईपास के ओवर ब्रिज ढह जाने से है आवागमन के लिए रोड को परिवर्तित किया गया जहां रेलवे का ओवर ब्रिज का निर्माण कर चल रहा था वहां से यह रास्ता बनाया गया अस्थाई कच्चा रास्ता होने से ही थोड़े से पानी गिरने पर आवागमन बंद हो गया । यदि सड़क पर मोरम या गिट्टी का उपयोग किया होता आज यह स्थिति नहीं बनती

### हादसों की आशंका बढ़ गई

बारिश के दौरान सड़कों पर फिसलन की समस्या भी बढ़ जाती है, जिससे गाड़ियां सड़कों पर अपना कंट्रोल खो देते हैं और हादसों की आशंका बढ़ जाती है। यही नजारा आज शहपुरा में देखने को मिला अगर हादसा हो जाता है शहपुरा के चारों तरफ सड़क पर ट्रैफिक रुक गया है और गाड़ियों की लंबी कतार लग हुई है और गाड़ियां फंसी हुई है।

### ट्रैफिक के कारण अफरा तफारी मची

बारिश के दौरान बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज में मिट्टी के कारण दोनों तरफ के रोड़ो में कीचड़ होने के कारण दो पहिया से लेकर



के चार पहिया छह पहिया तक वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है आम जनता को समस्या का सामना करना पड़ है, इसकी वजह से ट्रैफिक दोनों तरफ लगा हुआ। रोड़ों पर कच्ची मिट्टी होने की वजह से यातायात का संचालन सही से नहीं हो रहा है। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम लग हुआ है।
सड़क ध्वस्त होने से इस इलाके की आसपास के गांव का के लोगों का आना-जाना प्रभावित है. लोगों का आना-जाना बंद हो गया है. एकमात्र यह सड़क शहपुरा जबलपुर जाने के लिए से कई मुख्य इलाकों को जोड़ती है. एक बड़ी आबादी का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है.

### नरसिंहपुर जबलपुर मार्ग में भी अभागन रुका

शहपुरा के आगे बिल पठार में बन रहा रेलवे के ओवर ब्रिज के कारण फिर भी लाइन के दोनों तरफ कच्चा रोड निर्माण किया गया जिससे लोगों का आना-जाना पूर्णता बंद हो गया है अनेक को गाड़ियां फंसी हुई हैं और दोनों तरफ जाम की स्थिति बनी हुई है कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती गाड़ी अपनी टू व्हीलर निकलने से दुर्घटना घटित हुई और कीचड़ में ही लोगों को गिरना पड़ा.

# सुबह तक चला फागों का जंगी मुकाबला



**बरेला , यशभारत।** संगीत की पारंपरिक गायन कला फाग का आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत महत्व है। फागुन मास में इस विधा के गायक ढोलक मृदंग नगड़िया झांझ मंजीरा लेकर टोली बनाकर रात भर गाते नाचते हैं। कांग्रेस नेता अनंतराम पटेल ने अपने बेटे रामकिशोर पटेल की स्मृति में डूडी धनपुरी में फाग मुकाबले का आयोजन किया जिसमें निवास विधायक चैन सिंह बरकडे मुख्य अतिथि रहे विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अरविन्द तिवारी रहे। गायक दीनभगत और सुनील बर्मन के बीच शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें गांव क्षैत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक,फाग प्रेमी दिनेश सोनी, प्रभात दुबे, योगेश झारिया,अजित जैन, अमिताभ नामदेव रामानुजन पटेल महेश मानव ज्ञानी झारिया विनोद पटेल पंकज पटेल विजय पाठक देवीदीन झारिया विपिन पटेल, सतेन्द्र पटेल, जग्गू, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# आवारा सांड के आतंक से ग्रामीण परेशान

बेलखाडू। पाटन के ग्राम छपरी ( पोड़ी )के रहवासी एक आवारा सांड से परेशान है ग्रामीणों के लिए सांड खतरा बना हुआ है अभी तक आवारा पशु खेतों में तांडव करते थे खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाते थे खेतों तक सीमित थे लेकिन अब यह हिंसक होकर जान-माल के दुश्मन बनने लगे हैं गांव में एक काले कलर का सांड है जो की बहुत पहले से गांव में रहता है लेकिन करीब आठ माह से वह सांड लोगों को मारने दौड़ता है और जो सामने आता है उसे मारने लगता है अभी दो दिन पहले ग्राम के रहने वाले राहुल पटेल जो ओर जाकि दोनों पैरों से विकलांग है रात में घर के बाहर थे तभी सांड ने अपने सींगों से मार कर घायल कर दिया राहुल को पैरों में कई जगह गहरी चोटे आई जिसका इलाज चल रहा है इसके पहले भी कई लोगों को बेल के द्वारा मारकर घायल किया गया है ग्रामीण राम सिंह पटेल राहुल पटेल दुर्गेश पटेल हीरालाल पटेल राम मनोहर आकाश पटेल आदि का कहना है की गांव के लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है गांव के बच्चे घर के बाहर खेलने में भी डरने लगे हैं दिन में तो ठीक है सांड दिख जाता है की कहा है अंधेरे में अगर कहीं साड खड़ा रहता है और उसके पास से कोई निकलता है तो वह मारने को दौड़ता है और खेतों मे भी फसल को नुकसान पहुंचाता है तो भागाने में डर लगता है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है की आवारा सांड से निजाद दिलाई जाए।



# रहस्य रोमांच

## बॉयफ्रेंड की दरिंदगी 40 फीट की ऊंचाई से लड़की को फेंका

*प्यार में इंसान अंधा हो जाता है, यह कहावत आपने कई बार सुनी होगी, लेकिन जब यही प्यार सनक और शक में बदल जाए, तो जानलेवा साबित हो सकता है. ब्रिटेन के सोलिहुल से एक ऐसा ही रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 22 साल के युवक जॉर्डन हेरिंग ने अपनी 18 साल की गर्लफ्रेंड बॉबी गुडमैन को चौथी मंजिल की खिड़की से नीचे फेंक दिया. करीब 40 फीट की ऊंचाई से गिरने के बाद बॉबी की जान तो बच गई, लेकिन उनके शरीर की लगभग सारी हड्डी टूट चुकी थी.*

*इस खौफनाक वारदात के बाद जॉर्डन ने पुलिस के सामने झूठ बोला कि बॉबी ने खुद खुदकुशी करने के लिए छलांग लगाई थी. अब करीब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद बॉबी को इंसाफमिला है और कोर्ट ने जॉर्डन को दोषी करार दिया है.*



यह पूरी घटना तीन साल पहले शुरू हुई थी, जब जॉर्डन अपनी मां के हाई-राइज फ्लैट में बॉबी के साथ था. बॉबी बताती हैं कि जॉर्डन बहुत ही शकी मिजाज का था और अक्सर उन पर बेवजह धोखा देने का आरोप लगाता रहता था. उस रात भी दोनों के बीच जमकर बहस हुई. बॉबी को आज भी वे डरावने पल याद हैं जब जॉर्डन ने उनका सिर खिड़की से बाहर लटका दिया था और चिल्लाते हुए कहा था, 'मैं तुम्हें यहां से नीचे फेंक दूंगा, मैं तुम्हें जान से मार दूंगा.' इसके बाद जॉर्डन ने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया और बॉबी को 40 फीट नीचे घास के मैदान पर फेंक दिया. सीसीटीवी फुटेज में वह खौफनाक मंजर कैद हुआ जब बॉबी आसमान से जमीन पर गिरीं. गिरने के बाद वे बेहोश हो गई थीं, लेकिन जॉर्डन ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाने के बजाय उन्हें उठाकर वापस फ्लैट में ले गया. करीब एक घंटे बाद जॉर्डन की मां ने पुलिस को फोन किया और कहा कि उन्हें डर है कि उनका बेटा बॉबी को जान से मार डालेगा. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पाया कि बॉबी के फेफड़े फट चुके थे, पेल्विस (कूल्हे की हड्डी) चकनाचूर हो गई थी, पसलियां टूट गई थीं और उनकी रीढ़ की हड्डी में भी गंभीर चोट आई थी. बॉबी को एक महीने तक द्वष्ट में जिंदगी और मौत के बीच जूझना पड़ा और कई महीनों तक वे व्हीलचेयर पर रहीं. अदालत में सुनवाई के दौरान जॉर्डन के परिवार और दोस्तों ने बॉबी को झूठा साबित करने की पूरी कोशिश की, जिससे बॉबी मानसिक रूप से टूट चुकी थीं. लेकिन जॉर्डन के पिछले व्यवहार और सबूतों के आधार पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट ने उसे 'गंभीर शारीरिक चोट' पहुंचाने और 'नियंत्रक व्यवहार' का दोषी पाया. हालांकि, उसे हत्या के प्रयास के आरोप से बरी कर दिया गया, जिससे बॉबी थोड़ी निराश भी हैं. बॉबी का कहना है कि तीन साल का समय उनके लिए किसी नर्क से कम नहीं था, जहाँ उन्हें न केवल अपनी शारीरिक चोटों से लड़ना पड़ा, बल्कि समाज के तानों का भी सामना करना पड़ा. आज 21 साल की हो चुकीं बॉबी बर्मिंघम एयरपोर्ट पर बारटेंडर के रूप में काम कर रही हैं, लेकिन उनके शरीर में आज भी लोहे की तीन पिन लगी हुई हैं.

## ड्यूटी पर गटक गया 3 लीटर बीयर, कंपनी ने 'पियक्कड़' कर्मचारी को निकाला बाहर

*काम के दौरान नशा करना या शराब पीना किसी भी कंपनी में गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाती है. इसके लिए कर्मचारी को तुरंत नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है. लेकिन स्पेन के मर्सिया से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने दुनिया भर के कॉर्पोरेट जगत को हैरान कर दिया है. यहां एक इलेक्ट्रिकल कंपनी में काम करने वाले शख्स को इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि वह ड्यूटी के दौरान भारी मात्रा में बीयर पीता था. कंपनी ने सबूत के तौर पर प्राइवेट जासूस तक लगाए, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह शख्स एक दिन में करीब 3 लीटर बीयर गटक जाता था. लेकिन जब यह मामला कोर्ट पहुंचा, तो जज ने जो फैसला सुनाया उसने कंपनी के होश उड़ा दिए. कोर्ट ने न केवल कर्मचारी की बर्खास्तगी को गलत बताया, बल्कि कंपनी को उसे 47,000 यूरो (करीब 50 लाख रुपये) का हर्जाना देने का भी आदेश दिया.*



इस कानूनी लड़ाई की शुरुआत तब हुई जब कंपनी को अपने एक इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन वर्कर के व्यवहार पर शक हुआ. कंपनी ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक प्राइवेट डिटेक्टिव को काम पर रखा. जासूस ने कई दिनों तक उस शख्स का पीछा किया और एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वह शख्स पार्किंग लॉट्स और बार में जाकर बीयर पीता था. एक दिन तो उसने अपने लंच ब्रेक के दौरान ही 3 लीटर बीयर पी ली थी. यह एक बहुत ही गंभीर मामला था, क्योंकि वह कर्मचारी कंपनी की गाड़ी भी चलाता था. इस बारे में कंपनी का कहना था कि उसकी शराब पीने की आदत न केवल काम को प्रभावित कर रही थी, बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रही थी, क्योंकि वह गाड़ी भी चलाता था. इसी आधार पर उसे तुरंत नौकरी से निकाल दिया गया. हैरानी की बात यह है कि कर्मचारी ने अपनी गलती मानने के बजाय कंपनी पर गलत तरीके से निकालने का मुकदमा ठोक दिया. 'हाई कोर्ट ऑफ जस्टिस ऑफ मर्सिया' में चली सुनवाई के दौरान जजों ने माना कि कर्मचारी का व्यवहार अनुचित था, लेकिन कंपनी द्वारा दी गई सजा बहुत ज्यादा सख्त थी. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि कंपनी के पास दो ही विकल्प हैं, पहला यह कि या तो वे उस शख्स को दोबारा नौकरी पर रख लें और दूसरा यह कि फिर उसे करीब 50 लाख रुपये का मुआवजा दें. स्पेनिश कोर्ट ने इस फैसले के पीछे कई दिलचस्प तर्क दिए. जजों का मानना था कि लंच ब्रेक को तकनीकी रूप से 'वर्किंग आवर्स' यानी काम का समय नहीं माना जा सकता.

## 900 गोल दागने वाले दूसरे फुटबॉलर बने मेसी



**फोर्ट लॉडरडेल (ईएमएस)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी की ओर से खेलते हुए अपना 900वां गोल कर एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। मेसी ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे फुटबॉलर हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम था। रोनाल्डो ने साल 2024 में ही 900 गोल का आंकड़ा हासिल कर लिया था। हालांकि रोनाल्डो ने 900 गोल के लिए मैसी से 100 मैच अधिक खेले हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल इस क्लब की ओर से ही किए हैं।

मेसी ने नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 मैच में एक गोल करने के साथ ही अपने 900 गोल पूरे किये। मेसी के 900 गोल तक पहुंचने पर उन्हें बधाई मिली हैं। मेसी गोल के बाद भी इटर मियमी को जीत नहीं दिला पाये और नैशविले ने मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर कर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले सप्ताह भी नैशविले में राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में गोलरहित ड्रॉ खेला था। मेस्सी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

## मध्य पूर्व संघर्ष के कारण जिमनास्टिक्स विश्व कप स्थगित



**जिनेवा (ईएमएस)।** विश्व जिमनास्टिक्स संघ के अनुसार मध्यपूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षको देखते हुए यहां अगले माह अप्रैल में खेला जाने वाला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स विश्व कप स्थगित कर दिया गया है। विश्व जिमनास्टिक्स ने अपने एक बयान में कहा, एक आपात ऑनलाइन वोटिंग के बाद उसकी कार्यकारी कमेटी ने दोहा में 15 से 18 अप्रैल तक होने वाले आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स विश्वकप 2026 सत्र को स्थगित कर दिया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यपूर्व में संघर्ष शुरु होने के बाद से ही कई देशी ने टूर्नामेंट के लिए अपने नाम वापस ले लिये थे। विश्व जिमनास्टिक्स ने ये भी कहा कि अप्रैल में मिस्र के काहिरा और ओसिजेक में होने वाले अंतिम दो अपैरेटस विश्व कप के लिए देर से अवेदन भी किया जा सकता है। साथ ही कहा कि जिमनास्टिक्स संघर्ष से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए तैयार है। इसके साथ ही उम्मीद करता है कि हालात फिर पहले जैसे होंगे।


इसके अलावा, विश्व जिमनास्टिक्स की बैठम में कई नियमों में बदलावों को मंजूरी दी गई। रैंकिंग की गणना के लिए सबसे ज्यादा परिणामों की संख्या को भी ध्यान में रखा जाएगा।

## गेंदबाजी कोच कोच भरत अरुण के आने से सुपरजायंट्स को लाभ होगा : ऋषभ

**लखनऊ (ईएमएस)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि नए गेंदबाजी कोच कोच भरत अरुण के आने से टीम को लाभ होगा। ऋषभ ने कहा, तेज गेंदबाजों के साथ अभ्यास शिविर अच्छा रहा है। जब से भरत अरुण टीम से जुड़े है सभी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ा है, वह हर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नजरें रखते हुए अपने सुझाव देते हैं। उनके साथ हर मामले में हमारी बातें होती हैं। वह इसका ध्यान रखते हैं कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और उन्हें क्या लगता है कि वह टीम में क्या जोड़ सकते हैं। माहौल बहुत ही सकारात्मक है। वह सबसे बेहतरीन गेंदबाज कोच में से एक हैं और मुझे उन पर पूरा भरोसा है। अरुण का अनुभव और गेंदबाजों के साथ उनका तालमेल, खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए ये बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, वह अपना अनुभव साथ लाते हैं।




# रंग संसार



## रहमान डकैत की मौत पर अभिनेता रजत को हो रही थी रोने में दिक्कत

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म धुरंधर 2 के निर्देशन की एक ओर जहां सराहना हो रही है, तो वहीं फिल्म के इमोशनल सीन्स ने भी दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म के कलाकार रजत अरोड़ा और विक्रम भाम्बरी ने हाल ही में अक्षय खन्ना के डेथ सीन को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा की हैं। कलाकार रजत अरोड़ा ने बताया कि इस भावनात्मक सीन को शूट करना उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने निर्देशक आदित्य धर से पूछा था कि क्या वे अपने कॉन्टैक्ट लेंस हटा सकते हैं, क्योंकि इससे उन्हें रोने में दिक्कत हो रही थी। इस पर आदित्य धर ने उन्हें सीन की गहराई समझाते हुए कहा कि रहमान डकैत का किरदार उनके लिए पिता समान है, इसलिए उन्हें वही भावना लानी होगी जैसे अपने पिता के निधन पर होती है। रजत के मुताबिक, इस एक ब्रीफने पूरे सीन की दिशा बदल दी और सभी कलाकार उसी भाव में डूबकर अभिनय करने लगे। उन्होंने आगे बताया कि निर्देशक ने पूरी टीम से कहा था कि हर कलाकार को ऐसा महसूस करना है जैसे किसी बेहद करीबी का निधन हुआ हो। यही वजह रही कि सीन में नैचुरल इमोशन दिखा और दर्शकों को भी यह बेहद वास्तविक लगा। रजत ने यह भी कहा कि उनके सह-कलाकार दानिश इमोशनल सीन के बाद भी लंबे समय तक उसी जोन में रहते थे, जिससे उन्हें भी अपने अभिनय में गहराई लाने की प्रेरणा मिली। वहीं विक्रम भाम्बरी ने खुलासा किया कि इस सीन के लिए कलाकारों को सुबह ही स्क्रिप्ट दी जाती थी, जिससे वे मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

## फिल्म फॉरेस्ट रेंजर की जोरदार तैयारी में जुटी कृष्णा गौतम



**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी आने वाली फिल्म फॉरेस्ट रेंजर के लिए एक्ट्रेस कृष्णा गौतम जोरदार तैयारी में जुटी हुई हैं। यह फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चरण में है। अपने किरदार को पूरी तरह वास्तविक और प्रभावशाली बनाने के लिए अभिनेत्री इन दिनों कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं और खास तौर पर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) सीख रही हैं। जानकारी के अनुसार, कृष्णा गौतम अपने एक्शन अवतार को विश्वसनीय बनाने के लिए लंबे समय तक ट्रेनिंग सेशन्स में हिस्सा ले रही हैं। इन सत्रों में वह अपनी ताकत, फुर्ती और कॉम्बैट तकनीकों को बेहतर बनाने पर खास ध्यान दे रही हैं। इस कठोर अभ्यास से साफझलकता है कि वह अपने किरदार को पर्दे पर पूरी मजबूती और वास्तविकता के साथ प्रस्तुत करना चाहती हैं।

:अभिनेत्री अपनी एमएमए ट्रेनिंग की झलकियां समय-समय पर सोशल मीडिया पर भी साझा कर रही हैं। इन वीडियोज और तस्वीरों के जरिए उनके प्रशंसकों को यह देखने का मौका मिल रहा है कि किसी एक्शन आधारित किरदार को निभाने के लिए कलाकारों को कितनी मेहनत और तैयारी करनी पड़ती है। उनके ट्रेनिंग सेशन्स में हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट, फाइटिंग मूव्स और स्टैमिना बढ़ाने वाले अभ्यास शामिल हैं। कृष्णा गौतम को अपने किरदारों के साथ नए-नए प्रयोग करने के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में 'फॉरेस्ट रेंजर' उनके करियर का एक अलग और चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इस फिल्म के जरिए वह पहली बार पूरी तरह एक्शन जॉनर को एक्सप्लोर करती नजर आएंगी।

फिल्म में तेज रफ्तार एक्शन और रोमांचक घटनाओं की भरमार होने की उम्मीद है, जिसके लिए अभिनेत्री का नया ट्रांसफॉर्मेशन पहले ही दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुका है। फिल्म के निर्माताओं की योजना इसे वर्ष 2027 में रिलीज करने की है। हालांकि अभी फिल्म से जुड़ी कई अन्य जानकारियां सामने आना बाकी हैं, लेकिन प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा अभी से तेज हो गई है। दर्शक भी कृष्णा गौतम को इस नए और दमदार अवतार में बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## 'दम मारो दम' गाने को झेलना पड़ा था भारी विरोध



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बादशाह का गाना 'टटीरी' और नोरा फतेही व संजय दत्त पर फिल्माया गया 'सरके चुनर' जैसे गाने आलोचना का शिकार हुए। हिंदी सिनेमा में गानों को लेकर उठने वाले ऐसे विवाद कोई नई बात नहीं हैं। अगर इतिहास पर नजर डालें तो 1971 में रिलीज हुई फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा का मशहूर गाना दम मारो दम भी इसी तरह के विवादों के केंद्र में रहा था। देव आनंद और जीनत अमान पर फिल्माया गया यह गीत उस दौर में काफी चर्चित हुआ, लेकिन इसके साथ ही भारी विरोध भी झेलना पड़ा। फिल्म में मुमताज भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आई थीं, जबकि इस गाने को आशो भोसले ने अपनी आवाज दी थी। इस गाने का संगीत आरडी बर्मन ने तैयार किया था और बोल आनंद बक्शी के थे। गाने में जीनत अमान को हिप्पी स्टाइल में चिलम पीते और नशे में डूबी हुई दिखाया गया था, जिसे उस समय समाज के एक बड़े वर्ग ने आपत्तिजनक माना। कई लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफबताते हुए आरोप लगाया कि यह युवाओं को नशे की ओर आकर्षित कर सकता है और गलत संदेश देता है।

## दिव्यांका और विवेक के घर आने वाला है नया मेहमान

**मुंबई (ईएमएस)।** शादी के करीब दस साल बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया अब अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे है। सोशल मीडिया पर दिव्यांका ने एक खास पोस्ट साझा कर अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी, जिसके बाद फैंस और इंडस्ट्री के सितारों की ओर से बधाइयों का तांता लग गया है। हाल ही में कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्यांका अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं, जबकि विवेक हर पल उनके साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में दोनों के चेहरे पर माता-पिता बनने की खुशी साफझलक रही है। एक तस्वीर में विवेक दिव्यांका के बेबी बंप पर हाथ रखकर दिल का साइन बनाते दिखते हैं, तो दूसरी में दोनों एक-दूसरे को गले लगाकर मुस्कुराते नजर आते हैं। वहीं एक तस्वीर में कपल छोटे बेबी शूज के जरिए आने वाले नन्हे मेहमान का संकेत देता दिखाई देता है। इन तस्वीरों में दोनों ने व्हाइट कलर की ट्विनिंग आउटफिट पहनी है, जो उनकी खुशी को और भी खास बना रही है। फैंस इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर भी कर रहे हैं। पोस्ट के साथ कपल ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कहा कि ÷10 साल बाद हमारी कहानी में एक नया मोड़ आया है। कुछ सफर जल्दी पूरे नहीं होते, बल्कि उन्हें साथ मिलकर जीना और समझना होता है। जब आपको लगता है कि कहानी पूरी हो गई है, तब जिंदगी उसमें सबसे खूबसूरत अध्याय जोड़ देती है।÷ उन्होंने आगे लिखा कि वे इस पल को पूरी तरह महसूस कर रहे हैं और उनके दिल कृतज्ञता से भरे हुए हैं। दिव्यांका और विवेक की यह खबर उनके फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है।



## अक्षय कुमार की 'बॉस' ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



अपने करियर में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कई हिट फिल्मों के साथ कुछ फ्लॉप फिल्मों का भी सामना किया है। अक्षय की एक फिल्म ऐसी रही जिसने बॉक्स ऑफिस पर भले ही निराश किया, मगर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह फिल्म है 'बॉस', जिसने रिलीज के समय खास कमाई नहीं की, लेकिन अपने प्रमोशन के चलते इतिहास रच दिया। फिल्म 'बॉस' में अक्षय कुमार के साथ मिथुन चक्रवर्ती, शिव पंडित, रोनित रॉय और असिन जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। हालांकि फिल्म को दर्शकों से उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन इसके लिए बनाया गया एक विशाल पोस्टर चर्चा का केंद्र बन गया। दरअसल, अक्षय कुमार के फैन क्लब द्वारा इस फिल्म के प्रमोशन के लिए एक खास पोस्टर तैयार किया गया था। इस पोस्टर को बनाने में करीब चार महीने का समय लगा।

कार्यवाही के दौरान लगभग 120000 नकद, ताश के पत्ते एवं अन्य जुआ सामग्री जप्त

# जुआ खेलते हुए 11 जुआड़ी पुलिस की गिरफ्त में आए

**नरसिंहपुर, यशभारत** ।जिले में जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना, आपराधिक प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सशक्त करना है।



इसी क्रम में विगत दिवस थाना स्टेशनगंज अंतर्गत एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि सिंधी कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत रोड पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल संज्ञान तेले हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम द्वारा प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप 11 जुआडियों को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी है।आरोपियों के नाम : दीपक बाधवानी, जयकुमार वाधवानी, सुमित कुमार माखीजा, कोमल प्रसाद चौधरी, विक्की उर्फ बियेक मोटबानी, रमेश कुमार कुकरेजा, अजय वाधवानी, किशन मोटवानी, कपिल धनवानी, जितेन्द्र साधवानी, हरीश माखीजा सभी निवासी नरसिंहपुर। जप्ती : कार्यवाही के दौरान लगभग ?120000 नकद, ताश के पत्ते एवं अन्य जुआ सामग्री जप्त की गई।वैधानिक कार्यवाही : सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध।कार्यवाही में मुख्य भूमिका : उक्त कार्यवाही में उनि मनीष मरावी, प्रधान आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक संजय पांडे, रोहित चंपुरिया, महेन्द्र ठाकुर, रंजीत की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

# प्रकृति संरक्षण व ऊर्जा बचत का सामूहिक संकल्प

**गोटेगांव, यश भारत।** गोटेगांव स्थित विगत दिवस बरगी कॉलोनी नंबर 2, में क्षेत्र की समस्त मातृ शक्तियों की उपस्थिति में रानी अवंती बाई बलिदान दिवस, गौरैया दिवस एवं अर्थ आवर के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने बताया कि गौरैया दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रकृति के छोटे-छोटे जीव भी पृथ्वी के संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस यह प्रेरणा देता है कि मिट्टी, मातृभूमि और पर्यावरण की रक्षा के लिए साहस, जागरूकता और जिम्मेदारी जरूरी है। अर्थ आवर हमें यह सरल संदेश देता है कि एक घंटा लाइट बंद कर हम ऊर्जा बचाएँ, पृथ्वी बचाएँ और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दें।मातृ शक्तियों ने मिलकर निम्न संकल्प लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और बाजार जाते समय कपड़े की थैली का प्रयोग करने अपने पर्स में स्टील की कटोरी व चम्मच हमेशा रखने घरों में डिस्पोज़ल की जगह स्टील के बर्तनों का उपयोग करने परिवार के किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत एक पौधा लगाने से करने उपयोग किए हुए फलों के बीजों को साफ कर सुखाकर उनसे छोटे पौधे बनाकर वितरित करने घर में बिजली और पानी का समझदारी से कम उपयोग करने एवं 28 मार्च की रात 8:30 से 9:30 तक अर्थ आवर के तहत लाइट बंद रखने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमती दुर्गा आर्य, प्रियांशी राठौर, राजकुमारी पटेल, भगवती पटेल, प्रकृति पटेल, जानकीबाई पटेल, हीराबाई पंडित, रामावत, प्रभा विश्वकर्मा, मंजुला गुप्ता, सोमलता पटेल, प्रेमलता पटेल, अंकिता विश्वकर्मा, राजुल सोनी, अनिता राय तथा अन्य मातृ शक्तियों की सक्रिय सहभागिता रही। आज कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि जब महिलाएँ जागरूक होती हैं, तो घर से समाज और समाज से संसार तक पर्यावरण रक्षा की मजबूत नींव तैयार होती है।





## हर्षोउल्लास से मनाया गया ईदुल फ़ित्र का त्यौहार

गोटेगांव विगतदिवस स्थानीय मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान माह में मुस्लिम धर्मावलवियों द्वारा पूरे माह रोजे (उपवास) रखने के बाद इंदुल फित्र का त्यौहर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, ईदुल फित्र के मौके पर जमा मस्जिद के इमाम जनाब हाफिज ओ कारी पीर मोहम्मद साहब द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई,कल शाम को ईद का चाँद देखकर लोग खुशी खुशी ईद की तैयारियों में जुट गए थे, खासकर बच्चों में ईद की खुशी अलग ही उत्साह नजर आ रहा था, ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर इंद की मुबारक बाद दी, ईदगाह के बाहर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं स्थानीय रूमानीय जनों द्वारा भी सभी मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनायें दी गई, इसके बाद इस त्यौहार के खास व्यंजन सेवाइयों के खाने खिलाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा, इस मौके पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली, जोकि काबिले तारीफ रही

## ब्रह्मचारी अचलानंदजी ने एटीएम सुविधा का फीता काटकर किया शुभारंभ

गोटेगांव,यश भारत ।गोटेगांव समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के शुभअफसर पर राजपाल पेट्रोल पंप झोतेश्वर रोड पर वक्रांगी का एटीएम मशीन एवं यूनियन बैंक मित्र आईडी का बमचारी अचलानंदजी महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्धन कर फोत काटकर किए जाने के उपरांत संचालक रोहित यादव मुन्नालालयादव भानु प्रताप यादव एवं परिवार जनों को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दी, एटीएम मशीन से सभी बैंकों के कार्ड से राशि निकालने के साथही यूपीआई जैसे फोनपे गुगल पे पेटीएम जैसी सुविधा उपलब्ध है, श्रीनगर में एक मात्र एटीएम मशीन होने से ग्राहको को काफी सुविधा होने के साथ-साथ यूनियन बैंक, बैंक मित्र आईडी से आधार कार्ड के माध्यम से पैसे निकाले व खाते में जमा करने के साथ-साथ नये खाते भी खोले जा सकेंगे।



एटीएम (ृञरू) लगने से बैंकिंग ग्राहकों को नकद निकासी बैलेंस समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के शुभ अवसर

पर राजपाल पेट्रोल पंप झोतेश्वर रोड पर वक्रांगी का एटीएम मशीन एवं यूनियन बैंक मित्र आईडी का ब्रह्मचारी अचलानंदजी महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्धन कर फीता काटकर किए जाने के उपरांत संचालक रोहित यादव मुन्नालालयादव भानु प्रताप यादव एवं परिवार जनों को आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दी, एटीएम मशीन से सभी बैंकों के कार्डसे राशि निकालने के साथही यूपीआई जैसे फोन पे गुगल पे पेटीएम जैसी सुविधा उपलब्ध है, श्रीनगर में एक मात्र एटीएम मशीन होने से ग्राहको को काफी सुविधा होने के साथ-साथ यूनियन बैंक, बैंक मित्र आईडी से आधार कार्ड के माध्यम से पैसे निकाले व खाते में जमा करने के साथ-साथ नय खाते भी खोले जा सकेंगे, एटीएम (ृञरू) लगने से बैंकिंग ग्राहकों को नकद निकासी बैलेंस चैक और फंड ट्रांसफर की सुविधा की जरूरत कम होने के अलावा तत्काल नगद राशि की आवश्यकता पड़ने पर बैंक की लंबी लाइनों में लगने से जैसी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा, यह नकद लेन देन का एक सुरक्षित और भरोसेमंद तरीका है. विविध बैंकिंग सेवाएं नकद निकासी के अलाया पिनकोड बदलना बैलेंस की जांच एवं मिनी स्टेटमेंट ले सकते हैं, किसी भी अन्य बैंक के एटीएम कार्ड का उपयोग कर सकते हैं. इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासीयों एवं क्षेत्र वासियों ने जनहित के इस कार्य की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दि !

## राजराजेश्वरी मैयाजी का रंग बिरंगी चुनरिओं से हुआ मनमोहक श्रृंगार

गोटेगांव , यश भारत। समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित श्री वानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंबा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी माँराजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस मॉ राजराजेश्वरी मैयाजी का माता चंद्रघटा मैयाजी के स्वरूप में अतिसुंदर अलौकिक रंग बिरंगी चुनरिओं से सुसज्जित मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया, मनभावक अद्वितीय श्रृंगार को देखकर श्रद्धालुओं का मन दर्शन करते ही प्रफुरींव्रत से उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन आरतीवंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजजी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्तकर धर्म लाभ उठाकर अपना मानव जीवन का कल्याण कर रहे है।



## शिक्षक कालोनी में विधायक निवास मार्ग जर्जर सड़क से राहगीर परेशान

**गोटेगांव, यश भारत।** गोटेगांव नगर की शिक्षक कालोनी स्थित विधायक निवास को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। हाल ही में निर्मित हुई इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे उभर आए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस सड़क की दुर्दशा को लेकर गहरा रोष है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण को अभी अधिक समय भी नहीं बीता है, इसके बावजूद सड़क का इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो जाना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े करता है। चूंकि यह मार्ग विधायक निवास तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, इसलिए यहां दिन भर वीआईपी और आम नागरिकों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर बने इन गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिसमें सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों को बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से स्थाई राहत मिल सके।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत, एनएच-45 पर मिला शव

नरसिंहपुर यशभारत। 21 मार्च को डायल 112 के माध्यम से समय लगभग 12 बजे सूचना प्राप्त हुई कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 पर रेशम केंद्र के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच कार्यवाही की गई।

जांच के दौरान मृतक की पहचान राकेश ठाकुर पिता राधे ठाकुर, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी ग्राम मदनपुर, थाना तेंदूखेड़ा के रूप में हुई। मौके पर उपस्थित मृतक के छोटे भाई संदीप ठाकुर द्वारा सूचना दी गई, जिस पर मर्ग क्रमांक 15/26 कायम कर विवेचना में लिया गया है।प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ है कि मृतक दिनांक 20 ख्त्नड्ढ्ढ को अपनी पत्नी के साथ तेंदूखेड़ा बाजार आया था। उसने अपनी पत्नी को शाम लगभग 5 बजे बस से मदनपुर भेज दिया था तथा स्वयं बाद में आने की बात कही थी। इसी दौरान तेंदूखेड़ा से मदनपुर पैदल जाते समय ग्राम ढिलवार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 पर रेशम केंद्र के सामने किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं एवं उसकी मृत्यु हो गई।मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण सड़क दुर्घटना में आई चोटें बताया गया है।पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है।

# लाखन सिंह पटेल व उनके साथियों पर लगाया आरोप

नरसिंहपुर यशभारत ।कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान हुआ विवाद थमने का नाम नही ले रहा है।शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता चन्द्र प्रकाश यादव द्वारा पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस के विधान प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके इशारे पर गुंडो द्वारा मारपीट की गई।ज्ञात हो कि कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिस दौरान कार्यकर्ताओं की आपस मे मारपीट हुई थी लेकिन विवाद अब बढ़ता नजर आ रहा है।वही दूसरे पक्ष द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दी गई।लेकिन पत्रकारवार्ता के दौरान चन्द्र प्रकाश यादव की तबियत बिगड़ गई और पत्रकारों द्वारा सीआरपी देकर निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया।

### लाखन सिंह पटैल पर लगाए आरोप



पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश यादव द्वारा बताया गया कि लाखन सिंह पटैल ने कपिल ठाकुर, दया लोधी और जितेन्द्र लोधी के साथ मिलकर मेरे साथ धक्का-मुक्की और गाली देकर मारपीट की। साथ ही मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे श्री यादव ने पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि भविष्य में मेरे साथ कोई घटना घटित हुई तो इसके जिम्मेदार लाखन सिंह पटैल होंगे। श्री यादव ने बताया कि 20 मार्च को कांग्रेस नेता एवं छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई को लेकर कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद श्री नाथ ने संक्षिप्त उद्बोधन देने को कहा और जब लाखन सिंह पटैल उद्बोधन दे रहे थे तभी मुख्य अतिथि नकुलनाथ के कहने पर मैने लाखन सिंह पटैल को संक्षिप्त उद्बोधन देने की बात की। इस पर वो आक्रोशित होकर अपशब्द कहने लगे किन्तु यह बात यहां खत्म हो गई।

कार्यक्रम समापन के बाद जैसे ही मुख्य अतिथि और अन्य वरिष्ठ नेता मंच से उतरने लगे तभी लाखन सिंह पटैल और उनके साथी मेरे साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट करने लगे। वहां मौजूद कुछ लोगों और पुलिस ने हस्तक्षेप कर मुझे बचाया। घटना की रिपोर्ट भी मैने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। श्री यादव ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई और बड़े संत महात्मा महापुरूष किसी जाति के नही होते वरन वे हम सबके लिए सम्मानीय और आदर्श हैं। पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यक्रमों में विशेष योगदान देने वाले लोधी समाज के अनेक लोगों को सम्मानित भी किया गया। श्री यादव ने पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता इस घटना से दुखी हैं और मेरे साथ हैं और मैं कांग्रेस नेतृत्व से लाखन सिंह पटैल के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी करता हूं। क्योंकि जिले में ऐसा कभी राजनैतिक कार्यक्रमों में नही हुआ कि सरेआम गुंडागर्दी की गई हो। भविष्य में इससे नरसिंहपुर का राजनैतिक वातावरण बिगड़ेगा। श्री यादव ने यह भी आरोप लगाया कि 2013 में लाखन पटैल ने कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ खुलेआम काम किया था। अब नरसिंहपुर क्षेत्र के लोगों को यह सोचना है कि वे क्या चाहते हैं।

### पत्रकारवार्ता के दौरान बिगड़ी तबियत

शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट को लेकर चंद्रप्रकाश यादव द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर जानकारी तथा लाखन सिंह पर आरोप लगाए। पत्रकारवार्ता पूर्ण होने के उपरांत गिर पड़े और अचेत हो गए मौके पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा उन्हे तत्काल सीआरपी देकर निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। फिलहाल स्वास्थ्य बताया गया। लेकिन विचारणीय है कि इतने बड़े आयोजन के दौरान इस प्रकार की घटना होना कांग्रेस के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। जिनके द्वारा मारपीट की गई वह भी कांग्रेस के समर्थक है यदि को बात थी तो बैठकर बात कराना जरूरी था लेकिन मारपीट करना शर्मनाक है। वही मंच पर बैठे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा चुप्पी साधना भी सवाल खड़े कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं 435 राजीव वार्ड सुभाष पार्क चौराहा कंदेली नरसिंहपुर से प्रकाशित स्थानीय संपादक विक्रांत पटेल * संपादक अम्बरीष तिवारी * एवं सलाहकार संपादक श्याम कटारे
(फोन- 07792-231060) डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 *समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार RNI No.MPHIN / 2015/64553 E-mail- narsinghpur@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)